सीसीआरएस के अंतर्गत औषधीय पादप अनुसंधान भी संपन्न हो रहा है। इस दिशा में, मेडिको-एथनो वनस्पति सर्वेक्षण टीम तमिलनाडु के विभिन्न इलाकों में 14 दौरे किए हैं। सर्वेक्षण के दौरान 152 संग्रहालय के नमूने, 1852 किलोग्राम के कच्चे औषध एकत्र किए गए और लोककथा दावों का दस्तावेजीकरण किया गया। एसएमपीजी, मेट्टूर बांध के प्रदर्शनकारी उद्यान में 15 नए औषधीय पौधों को भी जोड दिया गया है। इसके अलावा, औषधीय पौधों पर तीन आईएमआर शोध परियोजनाएं भी जारी है।

भेषज अभिज्ञानीय अध्ययन

153 पौधों की पहचान / प्रमाणीकरण (ए), माइक्रोस्कोपिक (एम) और पाउडर माइक्रोस्कोपी (पी) का अध्ययन भुगतान के आधार पर किया गया। सिद्ध फार्माकोपिया के लिए 39 दवाओं के पाउडर माइक्रोस्कोपिक चित्रण किए गए। 18 एकल दवाओं और एक यौगिक निर्माण के पाउडर माइक्रोस्कोपिक वर्णन और विश्लेषण किया गया। इस रिपोर्टिंग वर्ष में, ग्यारह हर्बेरियम शामिल किए गए।

औषध मानकीकरण अनुसंधान

37 एकल औषधियों और 11 औषधी योगों का मानकीकरण किया गया। इसके अलावा, नौ आईएमआर औषध मानकीकरण अनुसंधान परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। परियोजना मोड में बाह्य वित्त पोषण के माध्यम से 20 औषधीय योगों का मानकीकरण पूरा किया गया।

भेषजगुण विज्ञानीय अनुसंधान

2 यौगिक औषधियों के लिए प्रभावकारिता अध्ययन और 3 यौगिक औषधियों के लिए विषाक्तता अध्ययन पूरा किया गया। एक यौगिक संरचना एक बाहरी वित्त पोषित परियोजना है, के लिए प्रभावकारिता अध्ययन प्रगति पर है। इसके अलावा, छह आईएमआर औषधीय अनुसंधान परियोजनाएं भी जारी हैं।

समीक्षा अवधि के दौरान श्री रामचंद्रा विश्व विद्यालय, चेन्नई के साथ आईएमआर सहयोगी पूर्व-नैदानिक अनुसंधान के अंतर्गत एक परियोजना अर्थात प्री क्लीनिकल सेफ्टी एण्ड एफीकेसी ऑफ नुन कडुगु (आंतरिक औषध) एण्ड नुन तैलम (बाहरी चिकित्सा) इन वेणपडै प्रगति पर है।

1.2.3. साहित्यिक अनुसंधान

इसके अंतर्गत, पुराने ताड पत्र पांडुलिपियाँ, पुरानी अप्रकाशित हस्तलिखित पांडुलिपियां, दुर्लभ पुस्तको संग्रहण और उसके अलावा उनका विभिन्न शीर्षकों में सूचीबद्ध करना जैसे प्रतिलेखन, अनुवाद, एनोटेशन और दुर्लभ कार्यों का प्रकाशन संपन्न होता है। समीक्षावधि के दौरान परिषद् ने अपनी पत्रिका अर्थात् जरनल ऑफ रिसर्च इन सिद्ध मेडिसिन (जेआरएसएम) का प्रकाशित किया है। समीक्षा अवधि के दौरान परिषद् ने अधिक से अधिक 5 पुस्तक प्रकाशित की है। इसके अलावा, पांच आईएमआर साहित्यिक परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं।

आयुष अनुसंधान पोर्टल- आयुष में अनुसंधान लेखों के लिए एक वेब आधारित पोर्टल सफलतापूर्वक चालू है और सूचना को समय-समय पर अद्यतन किया जा रहा है। आज तक आयुष अनुसंधान पोर्टल में 1108 वैज्ञानिक लेख अपलोड किए गए हैं।

1.2.4. प्रमुख गतिविधियाँ

स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम

यह कार्यक्रम इस परिषदर् के पाँच राज्यों में स्थित सात परिधीय संस्थानों / इकाइयों के माध्यम कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत चौदह गांवों / कॉलोनियों को कवर किया गया और 13,942 रोगियों को चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

पोषण अभियान गतिविधियाँ

आयुष मंत्रालय के निर्देशानुसार, सीसीआरएसऔर उसके परिधीय संस्थानों / एककों द्वारा बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के बीच सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से पोषण के बारे में जागरुकता और ज्ञान का प्रसार करने 19 चयनित केंद्रों में पोषण अभियान गतिविधियों का निष्पादन किया गया।

1.2.5. सिद्ध भेषजकोशीय समिति

आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में सिद्ध औषधियों और योगों के लिए गुणवत्ता मानकों की स्थापना के जनादेश के साथ सिद्ध फार्माकोपिया समिति काम कर रही है। यह समिति वर्तमान में सीसीआरएस मुख्यालय, चेन्नई में कार्यरत है। द सिद्ध फार्मुलरी ऑफ इंडिया, भाग-1 प्रथम संशोधित संस्करण (तमिल) को मुद्रण हेतु पीसीआईएमएच को भेजा गया है। दि सिद्ध फार्मुलर ऑफ इंडिया, भाग 3 के लिए 150 सिद्ध शास्त्रीय योगों की पहचान की गई है और सिद्ध फार्मुलरी ऑफ इंडिया, भाग-2 अंग्रेजी का अनुवाद कार्य पूरा किया गय है।

1.2.6. आईईसी गतिविधियाँ

परिषद् ने जनता के बीच सिद्ध चिकित्सा के ज्ञान के प्रचार प्रसार करने और जागरूकता उत्पन्न करने अधिक से अधिक अठाईस आरोग्य मेला, चिकित्सा शिविर, मेला और प्रदर्शनी में भाग लिया है। देश के विभिन्न भागों में प्रशिक्षण कार्यक्रम, संगोष्ठी, कार्यशाला और सम्मेलन आयोजित की है।

चेन्नई/Chennai
दिनांक/Date:07.11.2019

(प्रो डॉ के कनकवल्ली)
महानिदेशक

2. प्रबंधन

2.1. विभिन्न निकायों का संगठन

सीसीआरएस दिनांक 1 सितंबर 2010 को सीसीआरएएस से अलग होकर स्थापित हुआ। नए से स्थापित परिषद् के सामान्य निकाय, कार्यकारी समिति और वैज्ञानिक समिति का गठन किया गया है। विवरण निम्नप्रकार है:

2.1.1. समितियाँ

तालिका 1: सामान्य निकाय

क्र.सं.	पदनाम/नाम	स्थिति
1.	केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)	अध्यक्ष
2.	सचिव, आयुष	उपाध्यक्ष
3.	सचिव / डीजी, स्वास्थ्य अनुसंधान	सदस्य
4.	महानिदेशक, सीएसआईआर	सदस्य
5.	विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	सदस्य
6.	संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय	सदस्य
7.	निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चेन्नई	सदस्य
8.	उप सलाहकार (सिद्ध)/ संयुक्त सलाहकार (सिद्ध)	सदस्य
9.	निदेशक, पीएलआईएम	सदस्य
10.	प्रो डॉ, जी गणपति, सिद्ध विशेषज्ञ	गैर सरकारी सदस्य
11.	डॉ आई स्वर्णमारियम्माल, सिद्ध विशेषज्ञ	गैर सरकारी सदस्य
12.	डॉ एस पी त्यागराजन, आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञ	गैर सरकारी सदस्य
13.	महानिदेशक, केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद	सदस्य सचिव

तालिका 2: कार्यकारी समिति

क्र.सं.	नाम / पदनाम	स्थिति
1.	सचिव, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार	अध्यक्ष
2.	अतिरिक्त सचिव व वित्तीय सलाहकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
3.	संयुक्त सचिव, प्रभारी सिद्ध, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
4.	संयुक्त सलाहकार, प्रभारी सिद्ध, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार	सदस्य
5.	डॉ आई. सोर्णमारियम्माल, सिद्ध विशेषज्ञ	गैर-सरकारी सदस्य
6.	डॉ एस.पी.त्यागराजन, आधुनिक चिकित्सा विशेषज्ञ	गैर-सरकारी सदस्य
7.	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य-सचिव

तालिका 3: वैज्ञानिक सलाहकार समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	डॉ जी. वेलुच्चमी	भूतपूर्व निदेशक, केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान, चेन्नई	अध्यक्ष
2.	प्रो. डॉ.वी.आनुमति	निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चेन्नई	सदस्य
3.	डॉ मनोज वसंत मुर्हेकर	प्रभारी निदेशक, राष्ट्रीय महामारी रोग विज्ञान संस्थान (एनआईई), चेन्नई	सदस्
4.	डॉ बी.चंद्रशेकरन	निदेशक, सीएसआईआर-सीएलआईआर,चेन्नई	सदस्य
5.	डॉ के.कोदंडस्वामी	निदेशक, सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं निवारक औषध निदेशालय, चेन्नई	सदस्य
6.	डॉ एन.मुरुगेशन	निदेशक, केंद्रीय औषध परीक्षण प्रयोगशाला, चेन्नई	सदस्य
7.	डॉ गुणशेकरन.पी	निदेशक, किंग्स इंस्टीट्यूट फॉर प्रिवेंटिव मेडिसिन एण्ड रिसर्च, चेन्नई	सदस्य
8.	डॉ टी एस चंद्रा	प्रोफसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नई	सदस्य
9.	प्रो डॉ.के.कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस, चेन्नई	सदस्य-सचिव

चित्र 1: डॉ जी वेलुचामी, अध्यक्ष, वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड की अध्यक्षता में दिनांक 21 अप्रैल 2018 आयोजित एसएबी की चौथी बैठक

तालिका 4: कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध एवंनिवारणअधिनियम, 2013) के अधीन नामित आंतरिक शिकायत समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	प्रो डॉ. के.कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	अध्यक्ष
2.	डॉ श्यमला राजकुमार	अनुसंधान अधिकारी / वैज्ञानिक-II, सीसीआरएस मुख्यालय, चेन्नई	सदस्य
3.	डॉ आर शकिला	अनुसंधान अधिकारी-रसायन विज्ञान/ वैज्ञानिक-II,एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य

4.	डॉ आर मीना	अनुसंधान अधिकारी-सिद्ध, एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य
5.	डॉ वी आरती	अनुसंधान अधिकारी-सिद्ध, एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य
6.	डॉ एस भवनी	अनुसंधान अधिकारी-सिद्ध-एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य
7.	सुश्री टी दिव्या, बीएबीएल, एलआईएम	अधिवक्ता, चेन्नई	सदस्य

तालिका 5: तकनीकी लेखापरीक्षा समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम
1.	प्रो डॉ पी जयप्रकाश नारायणन	भूतपूर्व उप प्राचार्य, जीएसएमसी, चेन्नई
2.	प्रो डॉ ए कुमार वेल	भूतपूर्व प्रोफसर, जीएसएमसी, पालयमकोट्टै
3.	डॉ ए तिरुनावुक्करस्	भूतपूर्व सहायक निदेशक-सिद्ध, सीसीआरएस, नईदिल्ली
4.	डॉ एस राजलक्ष्मी	भूतपूर्व सहायक निदेशक- सिद्ध, एसआरआरआई, पुदुच्चेरी
5.	डॉ वी गोपाल	प्राचार्य, मदर टेरेसा पीजी एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज, पुदुच्चेरी सरकार
6.	डॉ शशिकला एथिराजुलू	भूतपूर्व अनुसंधान अधिकारी-वनस्पति विज्ञान,वै.3,एससीआरआई, चेन्नई
7.	डॉ श्यामला राजकुमार	अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) वैज्ञानिक-II, सीसीआरएस, चेन्नई

तालिका 6: सिद्ध भेषजकोश समिति

क्र.सं	नाम / पदनाम	स्थिति
1.	डॉ जयप्रकाश नारायणन	अध्यक्ष
	पदेन सदस्य	
2.	संयुक्त सलाहकार-सिद्ध	सदस्य
3.	निदेशक, पीसीआईएम एवं एच	सदस्य
4.	निदेशक, पीएलआईएम	सदस्य
5.	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य
	गैर सरकारी सदस्य	
	कार्बनिक / पादप रसायन	
6.	डॉ पीटी पेरुमाल	सदस्य
7.	डॉ आर सुंदरम	सदस्य
	फार्मासूटिकल रसायन विज्ञान	
8.	डॉ ए राजेंद्रकामर	सदसय
	भेषजअभिज्ञान	
9.	डॉ डी चामुंडेश्वरी	सदस्य
10.	डॉ ममता बी शाह	सदस्य
	गुणपाडम	
11.	प्रो डॉ एम राजशेकरन	सदस्य
12.	डॉ एस विश्वेश्वरन	को आप्ट सदस्य

	सिद्ध औषधी	
13.	डॉ एम पिच्चया कुमार	सदस्य
14.	डॉ जी श्रीनिवासन	सदस्य
	सिद्ध उद्योग	
15.	डॉ एल शि वकुमार	सदस्य
	बायोतकनीकी	
16.	डॉ एम रामनाथन	सदस्य
	पर्पम / खनिज / धातु	
17.	डॉ के पोनसिंग	सदस्य
18.	डॉ एम रविचंद्रन	सदस्य

2.1.2. उप समितियाँ

तालिका 7: एसएबी के अंतर्गत मुप्पु उप समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	Position
1.	प्रो.डॉ.ए.कुमारवेल	अध्यक्ष, एसएबी, सीसीआरएस	अध्यक्ष
2.	डॉ. एन चंद्रशेकरन	प्रोफसर व विभागाध्यक्ष, सेंटर फॉर जियो टेक्नोलॉजी, मनोमणियन सुंदरनार विश्वविद्यालय, तिरुनेलवेली	सदस्य
3.	डॉ सी एलिजा	चिकित्सा अधिकारी सिद्ध, कन्याकुमारी	सदस्य
4.	डॉ जी मणिमारन	विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ टेक्टोनिक्स, भूविज्ञान विभाग, वीओसी कॉलेज, तूत्तुकुडि	सदस्य
5.	डॉ आर सुधा	असिस्टेंट चिकित्सा अधिकारी-सिद्ध, कृष्णगिरी	सदस्य
6.	डॉ एस अय्यासामी	डीएसएमओ, कांचीपुरम एवं तिरुवल्लूर जिला	सदस्य
7.	डॉ बी माइकल जयराज	मेनेजिंग ट्रस्टी, उलग तमिल मरुथुव कलगम,पापनाशनम	सदस्य
8.	श्री ए अशोकन	पारंपरिक वैद्य	सदस्य
9.	प्रो डॉ के कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य सचिव

तालिका 8: एसएबी के अंतर्गत वर्मम एवं बोन सेटिंग उप समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	प्रो.डॉ.ए.कुमारवेल	अध्यक्ष, एसएबी, सीसीआरएस	अध्यक्ष
2.	डॉ.के गोपकुमार	भूतपूर्व प्रभारी अनुसंधान अधिकारी/ वैज्ञा.2, एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य
3.	प्रो.डॉ.एन षण्मुगम	एसोसिएट प्रोफसर, तमिल विभाग, एसआरएमवी कॉलेज ऑफ आर्टस एण्ड साइंसेज, कोयंबत्तूर	सदस्य
4.	डॉ टी कणण्न राजाराम	सिद्ध वैद्य, नागरकोइल	सदस्य
5.	डॉ आर रमेश बाबू	सिद्ध वैद्य, कल्लकुरुचि	सदस्य
6.	डॉ एस नटराजन	चिकित्सा परामर्शदाता, वर्मम, एससीआरई, चेन्नई	सदस्य

7.	डॉ के पी अर्जुनन	पारंपरिक सिद्ध वैद्य, नागरकोइल	सदस्य
8.	तिरु अर्जुनन असन	पारंपरिक सिद्ध वैद्य, नागरकोइल	सदस्य
9.	श्री करुणा	पारंपरिक सिद्ध वैद्य, चेन्नई	सदस्य
10.	डॉ जी मनिमारन	विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ टेक्टोनिक्स, वीओसी कॉलेज, तूतिकूडि	सदस्य
11.	प्रो डॉ के कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य सचिव

तालिका 9: एसएबी के अंतर्गत कट्टु एवं कलंगु उप समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	प्रो.डॉ.ए.कुमारवेल	अध्यक्ष, एसएबी, सीसीआरएस	अध्यक्ष
2.	प्रो. डॉ आई सोर्णमारियम्माल	भूतपूर्व संयुक्त निदेशक, भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी विभाग, चेन्नई	सदस्य
3.	डॉ रविचंद्रन	रीडर, विभागाध्यक्ष, उडल करुगल, सरकारी सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय, चेन्नई	सदस्य
4.	डॉ टी तिरुनारायणन	सचिव, सीटीएमआर, चेन्नई	सदस्य
5.	डॉ एस नटराजन	चिकित्सा परामर्शदाता -वर्मम, एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य
6.	डॉ के पी अर्जुनन	पारंपरिक सिद्ध चिकित्सक, वेलूर	सदस्य
7.	डॉ रवींद्रनायन	पारंपरिक सिद्ध चिकित्सक, मदुरांतकम	सदस्य
8.	प्रो डॉ के कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य सचिव

तालिका 10: एसएबी के अंतर्गत साहित्यिक अनुसंधान उप समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	प्रो डॉ जयप्रकाश नारायणन	अध्यक्ष, एसपीसी, सीसीआरएस	अध्यक्ष
2.	डॉ जी गणपति	भूतपूर्व संयुक्त निदेशक, डीआईएम	सदस्य
3.	डॉ के पलनिसामी	पूर्व रजिस्ट्रार, तमिल नाडु मेडिकल काउंसिल, चेन्नई	सदस्य
4.	डॉ बी मिकायल जयराज	मेनेजिंग ट्रस्टी, उलग तमिल मरुथुव कलगम, पापनासम, तिरुनेलवेली	सदस्य
5.	प्रो डॉ के कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य सचिव

तालिका 11: एसएबी के अंतर्गत औषध अनुसंधान उप समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	डॉ जी वैलुचामी	पूर्व निदेशक, एससीआरआई	अध्यक्ष
2.	डॉ श शि कला एथि राजुलू	पूर्व अनुसंधान अधि कारी (भेषजगुणविज्ञान) वैज्ञानिक - III, एससीआरआई, चेन्नई	सदस्य

3.	डॉ के वी वेंकटेश्वरन	प्रो एवं अध्यक्ष, पशुचिकित्सा भेषजगुण यान एवं टॉक्सीकॉलोजी, मद्रास वेटरनरी कॉलेज, चेन्नई	सदस्य
4.	डॉ टी तिरुनारायणन	सचिव, सेंटर फॉर ट्रडीशनल मेडिसिनल रिसर्च, चेन्नई	सदस्य
5.	प्रो डॉ के कनक वल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य सचिव

तालिका 12: एसएबी के अंतर्गत नैदानिक अनुसंधान उप समिति

क्र.सं.	नाम	पदनाम	स्थिति
1.	डॉ एस तिरुनावुक्करस	पूर्व सहायक निदेशक (सिद्ध), सीसीआरएस, नई दिल्ली	अध्यक्ष
2.	डॉ एस राजलक्ष्मी	पूर्व सहायक निदेशक (सिद्ध), एसआरआरआई, पुदुच्चेरी	सदस्य
3.	डॉ पी मानिक्यम	वैज्ञानिक डी, एनआईई, आईसीएमआर, चेन्नई	सदस्य
4.	डॉ जी शिवरामन	मुख्य सिद्ध चिकित्सक एवं एमडी, आरोग्य हेल्थ केयर प्रइवेट लिमिटेट, चेन्नई	सदस्य
5.	प्रो डॉ के कनकवल्ली	महानिदेशक, सीसीआरएस	सदस्य सचिव

2.2. परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जातियों का प्रतिनिधित्व और एस.सी. / एस.टी. के लिए कल्याणकारी उपाय

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति के प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय समय पर जारी आदेशों एवं मार्गदर्शनों का परिषद् द्वारा अमल किया जा रहा है। एससी / एसटी के लिए रखा गया आरक्षण रोस्टर के अनुरूप ही भर्ती / पदोन्नति की जा रही है। परिषद् में विभिन्न वर्गों में कार्यरत एससी/एसटी कर्मचारियों की संख्या निम्नप्रकार है।

तालिका 13: प्रत्येक श्रेणी में कर्मचारियों की संख्या

वर्ग	कर्मचारियों की संख्या	अनुसूचित जाति कर्मचारियों	% अनुसूचित जाति कर्मचारियों	अनुसूचित जन जाति कर्मचारियों	% अनुसूचित जन जाति कर्मचारियों	एससी/एसटी कर्मचारियों की कुल संख्या	% एससी/एसटी कर्मचारियों
क	51	6	11.7	3	5.8	9	17.6
ख	24	2	8.3	1	4.1	3	12.5
ग	76	21	27.6	4	5.2	25	32.8
घ	13	2	15.3	3	23.1	5	38.4
कुल	**164**	**31**	**18.9**	**11**	**6.7**	**42**	**25.6**

इस के अलावा, कुछ अनुसंधान संस्थान/एककों ने अपने ओपीडी/आईपीडी द्वारा चिकित्सा राहत प्रदान कर रहे हैं। अधिक संख्या एससी/एसटी लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान की जा रही हैं।

2.3. संगठनात्मक ढाँचा

तत्समय सीसीआरएएस और वर्तमान का सीसीआरएस के संस्थानों के विकास हेतु दि.16-11-09 को संयुक्त सचिव (आयुष) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नित्यानंद समिति की संस्तुतियों के कार्यान्वयन की समीक्षा संयुक्त सचिव (आयुष) द्वारा की गई है। पुनर्गठन के उपरांत तत्समय सीसीआरएएस और वर्तमान के सीसीआरएस के संस्थानों का 4 श्रेणियों में विभाजित किया गया और दिनांक 15 दिसंबर 2009 को अधिसूचित भी किया गया है। उन 4 श्रेणियों में से सीसीआरएस के संस्थान श्रेणी 'ग' एवं 'घ' के अंतर्गत आते हैं और उनका विवरण निम्नप्रकार है। सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, स्विम्स परिसर, तिरुपति, आंध्रप्रदेश की स्थापना दिनांक 16 जनवरी को हुई है। मानकीय आयुष राज्य मंत्री श्री श्रीपद एसो नाइक, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उद्घाटित किया गय है। डॉ टीएस रविकुमार, निदेशक सह उप कुलपति, स्वि म्स और प्रो डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस की उपस्थिति में हुआ है :

तालिका 14: सिद्ध संस्थानों / एककों के लिए परिवर्णी नाम

क्रमांक	संस्थान / एकक	संक्षिप्त नाम
श्रेणी "ग"		
1.	सिद्ध केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेन्नई	एससीआरआईसी
श्रेणी "घ"		
2.	सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान,पुदुच्चेरी	एसआरआरआईपी
3.	सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, त्रिवेंद्रम	एसआरआरआईटी
4.	सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, पालयम्कोट्टै	एससीआरयूपी
5.	सिद्ध औषधीय पादप उद्यान, मेट्टूर	एसएमपीजीएम
6.	सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, करोलबाग, नई दिल्ली	एससीआरयूके
7.	सिद्ध नैदानिक अनुसंधान संस्थान,बंगलूर	एससीआरयूबी
8.	सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, तिरुपति	एससीआरयूटी

तालिका 15: राज्यवार परिसरीय संस्थानों / एककों का वितरण

क्र.सं.	राज्य का नाम	संस्थान / एकक का नाम
1.	तमिल नाडु	1. सिद्ध केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेनई
		2. सिद्धनैदानिकअनुसंधानएकक, पालयम्कोट्टै
		3. सिद्धऔषधीयपादपउद्यान, मेट्टूर
4.	केरल	4. सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, त्रिवेंद्रम
5.	पुदुच्चेरी (केंद्र शासित प्रांत)	5.सिद्धक्षेत्रीयअनुसंधानसंस्थान,पुदुच्चेरी
6.	नई दिल्ली (केंद्र शासित प्रांत)	6.सिद्धनैदानिक अनुसंधान एकक, करोलबाग
7.	कर्नाटक	7.सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, बंगलूर
8.	आंध्र प्रदेश	8. सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, तिरुपति

सीसीआरएस की सह-स्थित इकाइयाँ

- राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयुष वेलनेस क्लिनिक में कार्यरत सिद्ध विंग राष्ट्रपति महोदय की चिकित्सा आवश्यकताओं, राष्ट्रपति सचिवालय के अधिकारियों और राष्ट्रपति एस्टेट के निवासियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करता है।
- अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान, सरिता विहार, नई दिल्ली में एक सिद्ध ओपी विंग- आम जनता को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है।
- इसके अलावा, पांडिचेरी विश्वविद्यालय में स्वास्थ्य केंद्र, सिद्ध चिकित्सा सेवा इकाई, पुदुच्चेरी विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और छात्रों के लिए सिद्ध उपचार भी प्रदान करता है

चित्र 1: केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद् की संगठनात्मक संरचना



चित्र 2: सीसीआरएस नेटवर्क



2.4. वैज्ञानिक एवं औद्योगक अनुसंधान संगठन मान्यता

केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद को भारत सरकार के वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, वैज्ञानिक एवं तकनीकी मंत्रालय द्वारा दिनांक 21.8.2014 से वैज्ञानिक अनुसंधान संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त है।

2.5. बजट

तालिका 16: बजट प्रावधानों का परिदृश्य

योजना	बजटप्राक्कलन 2018-19 (लाखोंमें)	वर्ष 2016-17 मेंनिर्गतनिधियां (लाखोंमें)	वास्तविकव्यय 2016-17 (लाखोंमें)
योजना	-	-	20.31
गैरयोजना	2900.00	2900.00	2973.60
कुल	**2900.00**	**2900.00**	**2993.91**

तालिका 17: लेखा शीर्षवार वास्तविक व्यय

क्र.सं.	विवरण	वर्ष 2018-19 के लिएकुलव्यय (लाखोंमें)		
		गैरयोजना	योजना	कुल
1.	वेतन एवं भत्ताएँ	1588.51	10.72	1599.23
2.	पैंशन	294.71	-	294.71
3.	डीसीआरजी	93.58	-	93.58
4.	संराशीकरण का भुगतान	100.92	-	100.92
5.	छुट्टी का नगदीकरण्	46.49	-	46.49
6.	एनपीएस -नियोक्ता	83.13	-	83.13
7.	एलटीसी	8.34	-	8.34
8.	यात्रभत्ता	35.33	-	35.33
9.	कार्यालय व्यय- आकस्मिक व्यय	212.31	-	212.31
10.	अन्य प्रशासनिक व्यय	470.41	4.90	475.30
11.	अनुसंधान गतिविधियाँ	8.12	4.69	12.81
12.	संगोष्ठी, कार्यशाला एवं आरोग्य	26.68	-	26.68
13.	विज्ञापन एवं प्रचार	0.72	-	0.72
14.	मशीनरी एवं उपस्कर	-	-	-
15.	पूँजीगत कार्य(बडेकार्य)	-	-	-
16.	छोटे कार्य	4.35	-	4.35
	कुल	**2973.60**	**20.31**	**2993.91**

तालिका 18: केंद्रवार वास्तविक व्यय

विवरण	वर्ष 2018-19 के लिए कुल व्यय (लाखों में)		
	गैर योजना	योजना	कुल
विकेंद्रीकृत एककें			
एससीआरआई, चेन्नई	1313.53	-	1313.53
एसआरआरआई, पुदुच्चेरी	328.14	2.83	330.97
एसआरआरआई, तिरुवनंतपुरम	269.42	17.38	286.80
एसएमपीजी, मेटूर	148.92	-	148.92
एससीआरयू, पालयमकोट्टै	69.67	0.10	69.77
एससीआरयू, नई दिल्ली	74.47	---	74.47
एससीआरयू, बंगलूर	53.69	-	53.69
केंद्रीकृत एककें			
सीसीआरएस मुख्यालय	715.76	-	715.76
महायोग	**29763.60**	**20.31**	**2993.91**

3. तकनीकी प्रतिवेदन

3.1. केंद्रवार गतिविधियाँ

नैदानिक अनुसंधान, औषध अनुसंधान, साहित्यक अनुसंधान जैसे विस्तृत क्षेत्रों में अनुसंधान गतिविधियों में भाग लिए परिषद् के संस्थानों/एककों का योगदान निम्नलिखित तालिका में दर्शाया गया है

सिद्ध केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (एससीआरआई), चेन्नई नैदानिक शोध के लिए उत्कृष्टता के संभावित केंद्र के रूप में पहचाना जाता है। यह संस्थान चेन्नई के अरुम्बाक्कम में अण्णा सरकारी भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी अस्पताल के परिसर में स्थित है। केंद्रीय अनुसंधान संस्थान की स्थापना वर्ष 1971 में हुई थी। एससीआरआई, चेन्नई में नैदानिक अनुसंधान, औषध अनुसंधान और साहित्यिक अनुसंधान के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हैं। साहित्यिक अनुसंधान विभाग में ताड पत्र पांडुलिपियों और दुर्लभ सिद्ध पुस्तक संग्रह, संरक्षण, एनोटेशन, कैटलॉगिंग, प्रतिलेखन और प्रकाशन आदि कार्य समय-समय पर किए जा रहे हैं। क्लीनिकल अनुसंधान विभाग 50 बिस्तरों वाले अस्पताल सुविधाओं के साथ नैदानिक परीक्षण करता है। जैव रसायन विभाग और पैथोलॉजी प्रयोगशालाएं भी नैदानिक अनुसंधान में समर्थन करते हैं। फार्माकोविजिलांस सेल समाज और चिकित्सा प्रणाली के सुधार के लिए प्रभावी रूप से कार्य करता है। भेषजअभिज्ञान विभाग पादप औषध की पहचान, सिद्ध वनस्पति मानकीकरण और सिद्ध फार्माकोपिया कार्यों में मदद करता है। परीक्षण औषधियों का, एकल औषधियों और सिद्ध यौगिक फॉर्मूलेशन का मानकीकरण रसायन विज्ञान विभाग में किया जाता है। फार्माकोलॉजी विभाग जैविक मूल्यांकन, सुरक्षा और विषाक्तता अध्ययन करता है।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- औषध मानकीकरण
- साहित्यिक अनुसंधान एवं प्रलेखन कार्यक्रम
- मौलिक अनुसंधान
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
    - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)
    - जराव्याधि चिकित्सा
    - फ्लू जैसे रो
    - वर्मम, तोक्कनम और बोन सेटिंग
    - सिद्ध बाल चिकित्सा ओपीडी
    - प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य सुरक्षा
    - सिद्धर योगम
- फार्मेसी
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (एसआरआरआई) पुदुच्चेरी 22 अगस्त, 1979 को स्थापित किया गया। इस संस्थान ने सन् 2003 से कुयवरपालयम में एक अच्छी तरह से बनाया रखा अपने खास परिसर में और 150 से अधिक औषधीय पौधों से भरा हुआ पादप उद्यान में काम करना शुरू किया। इस संस्थान में विभिन्न विभागों जैस बहिरंग रोगी विभाग, अंतरंग रोगी विभाग, वर्मम क्लिनिक, औषधालय, नैदानिक रोगविज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय के साथ पर्याप्त आधारभूत संरचनाएँ हैं। विभिन्न क्लीनिकल शोध परियोजनाओं के लिए 25 बिस्तरों वाला एक अंतरंग रोगी विभाग कार्यरत है। यह संस्थान इसकी स्थापना के बाद से विभिन्न बीमारियों के लिए सिद्ध फॉर्मूलेशन पर नैदानिक शोध कार्य में लगा हुआ है।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
    - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)

  - जराव्याधि चिकित्सा
  - फ्लू जैसे रो
  - वर्मम, तोक्कनम और बोन सेटिंग
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (एसआरआरआई) तिरुवनंतपुरम, केरल में स्थित है और यह सिद्ध क्लिनिकल रिसर्च यूनिट एंड ड्रग रिसर्च (रसायन विज्ञान और वनस्पति विभाग) के संयोजन से वर्ष 2010 में केंद्रीय आयुर्वेद एवं सिद्ध अनुसंधान परिषद् का केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद् में द्विभाजन के बाद बनाया गया हैं। एसआरआरआई, तिरुवनंतपुरम नि:शुल्क सार्वजनिक रोगी सेवा प्रदान करके और नैदानिक क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों का निष्पादन करके आम जनता की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। औषध अनुसंधान में एकल और यौगिक सूत्रों का मानकीकरण किया जा रहा है।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- औषध मानकीकरण
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
  - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)
  - जराव्याधि चिकित्सा
  - फ्लू जैसे रो
  - वर्मम, तोक्कनम और बोन सेटिंग
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, पालयमकोट्टै 6 फरवरी 1980 को सरकारी सिद्ध मेडिकल कॉलेज परिसर, पलायमकोट्टई के परिसर में स्थापित किया गया। अपने श्रेय के लिए वहाँ स्थित औषधीय पादप एकक (एसएमपीयू) का सर्वेक्षण, लगभग 300 वन क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया है, जिसमें तमिलनाडु के पूर्वी और पश्चिमी घाट दोनों शामिल हैं। 1986 प्रजातियों के 9000 हर्बेरियम शीट्स और 1000 कच्चे औषध सामग्री वाले संग्रहालय बनाए रखा है। सिद्ध क्लिनिकल रिसर्च यूनिट, पलायमकोट्टई में सामान्य ओपीडी, वर्मम ओपीडी और बाह्य उपचार पद्धतियाँ उपलब्ध कराए जाते हैं।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
    - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)
    - जराव्याधि चिकित्सा
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

औषधीय पादप सर्वेक्षण एकक- सिद्ध और सिद्ध औषधीय पादप उद्यान तमिलनाडु के मेट्टूर बांध, सेलम में स्थित है। औषधीय पादप एकक का सर्वेक्षण - सिद्ध ने तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में 332 मेडिको एथनो बोटानिकल सर्वेक्षण किया और 10054 फील्ड संग्रह दर्ज किए। यूनिट ने तमिलनाडु में सिद्ध और आयुर्वेद के विशेष संदर्भ के साथ औषधीय पौधों की 1836 प्रजातियों को कवर करने वाले 7700 हर्बेरियम नमूने दस्तावेज किया है। औषधीय पादप एकक के सर्वेक्षण के उद्देश्य मेडिको एथनो बोटानिकल सर्वेक्षण दौरे, संग्रहालय के लिए औषधीय पौधों के संग्रह और दस्तावेज, संग्रहालय के लिए कच्चे औषधियों / पौधों की सामग्रियों, पौधों की सामग्रियों / प्रभावी औषधियों के लिए कच्चे दवाओं के लिए औषधीय पौधों की संपत्ति का अध्ययन करके तमिलनाडु के औषधीय पौधों की संपत्ति का अध्ययन करना है। औषधीय पौधों की आपूर्ति, पहचान और प्रमाणीकरण, मेडिको इथनो वनस्पति दावों के दस्तावेज़ीकरण। सिद्ध औषधीय पादप उद्यान ने एक वृक्षोद्यान, पॉली ग्रीन हाउस की स्थापना और विकास किया है। एससीआरआई फार्मेसी, एसपीसी से संबंधित कार्यों की आंशिक आवश्यकता को पूरा करने के लिए उद्यान कच्चे औषधियों की आपूर्ति करता है। इस इकाई द्वारा खेती की गतिविधियों और बगीचे के रख-रखाव की देखभाल की जाती है।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- मेडिको इथनो वानस्पतिक सर्वेक्षण
- औषधीय पादपों की कृषि
- औषधीय पादप उद्यान का रखरखाव एवं विकास
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, नई दिल्ली आयुष विभाग, एनसीटी दिल्ली सरकार द्वारा आयुर्वेद और यूनानी तिब्बिया कॉलेज, करोल बाग, नई दिल्ली के परिसर में प्रदान की गई जगह में 29 फरवरी 2016 को अपना कार्य शुरू किया। वर्तमान में यूनिट में बहिरंग रोगी विभाग (जनरल और वर्मम ओपीडी) सेवाएं, जरव्याधि चिकित्सा ओपीडी और नैदानिक अनुसंधान गतिविधियाँ की जा रही हैं। यह एकक, अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), सरिता विहार, नई दिल्ली में प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को एकीकृत आयुष ओपीडी चला रहा है। आयुष मंत्रालय के स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत, एससीआरयू नई दिल्ली हर सोमवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम, नई दिल्ली के परिसर में और हर महीने के प्रथम रविवार को नानकपुरा मलयाली कल्याण फोरम, मोती बाग, नई दिल्ली में ओपीडी चला रहा है।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
    - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)
    - जराव्याधि चिकित्सा
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, बंगलूर 25 मई, 2017 से श्री जयचामरजेन्द्र आयुर्वेद अस्पताल, धनवंतरी रोड, बेंगलुरु कार्यरत है। यह इकाई अपने ओपीडी में उपस्थित मरीजों के लिए शोध गतिविधियों के एक सहायक के रूप में सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से विभिन्न रोगों के लिए चिकित्सा सहायता प्रदान करती है। मरीजों के लिए मस्तिष्क-कंकाल और तंत्रिका संबंधी विकारों के लिए वर्मम और तोक्कनम जैसे विशेष उपचार उपलब्ध हैं।

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
    - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)
    - वर्मम, तोक्कनम और बोन सेटिंग

- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, तिरुपति दिनांक 16 जनवरी 2019 को स्विम्स परिसर, तिरुपति, आंध्रप्रदेश में स्थापित हुआ है। एकक सिद्ध चिकित्सा पद्धति में नैदानिक अनुसंधान करता है और एकीकृत अनुसंधान गतिविधियों के लिए सहायक के रूप में विभिन्न रोगों के लिए चिकित्सा सहायता भी प्रदान करता है। एकक अपनी ओपीडी द्वारा सिद्ध चिकित्सा चाहने वालों को चिकित्सा सुरक्षा प्रदान करता है।

चित्र 2: श्री श्रीपद यसो नाईक, माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) - दिनांक 16 जनवरी 2019 को एससीआरयू, तिरुपति का उद्घाटन करते हुए

अनुसंधान परियोजनाओं का आबंटन / गतिविधियाँ

- नैदानिक अनुसंधान
- आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी (एएसयू) औषधों के लिए राष्ट्रीय फार्माको विजिलेंस कार्यक्रम
- बहिरंग रोगी विभाग (ओपीडी) और अंतरंग रोगी विभाग(आईपीडी) द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सेवाएँ
- विशेष क्लीनिक्स
    - गैर संक्रामक रोग (एनसीडी)
    - जराव्याधि चिकित्सा
    - फ्लू जैसे रो
    - वर्मम, तोक्कनम और बोन सेटिंग
- इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोग्राम.
- स्वास्थ्य रक्षा कार्यक्रम (एसआरपी)
- विविध प्रकार की गतिविधियाँ

3.2. औषधीय पादप अनुसंधान

3.2.1. मेडिको इथनो बोटानिकल सर्वे

मेडिको इथनो वानस्पतिक सर्वे

लक्ष्य को प्राप्त करने और एससीआरआई, चेन्नई की फार्मसी और सीसीआरएस के अन्य परिधीय संस्थानों में आईएमआर परियोनाएँ एवं औषध मानकीकरण उद्देश्य से औषध आपूर्ति हेतु तमिल नाडु के सेलम, ईरोड, तूत्तुकुडि, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी जिलों के विभिन्न भागों में छः सर्वेक्षण और संग्रहण दौरे किए गए हैं।

सिद्ध औषधीय पादप उद्यान का रखरखाव एवं विकास

- 236 पादपों एवं 42 आरोही पौधों के साथ मॉडल हर्बल गार्डन 1
- 270 पादपों के साथ मॉडल हर्बल गार्डन 2
- पंखुडियाकार तालाब 9 जलीय पौध और तालाब के बीच में 13 मार्षी पौधों के साथ.
- वृक्षोद्यान - ब्लॉक ए 64 प्रजातियों के 192 पादप
- वृक्षोद्यान - ब्लॉक बी 65 प्रजातियों के 198 पादप
- वृक्षोद्यान - ब्लॉक ई, फील्ड 1 - 51 प्रजातियों के 95 पादप
- वृक्षोद्यान - ब्लॉक ई फील्ड 2 - 17 प्रजातियों के 75 पादप
- 12 प्रजातियों के 78 पेड़ हिल्लाक के गोल
- 359 प्रजातियों के गमलों 489 जीवित पौधों के साथ पॉली ग्रीन हाउस
- सिद्ध औषधीय पादप उद्यान का प्रबंधन एवं विकास कार्य नितंबर किया जा रहा है।

कृषि

- 10 औषधीय पौधों का प्रमुख खेती और 5 औषधीय पौधों का परीक्षण खेती.
- बीज बैंक विकसित करने के लिए इस क्षेत्र के 34 पारंपरिक अनाज और मसालों और देशी सब्जियों की ट्रायल खेती की जा रही है।

परियोजना: राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी):

औषधीय पादप नर्सरी की स्थापना

एसएमपीबी को स्वीकृत परियोजना, देखिए एनएमपीबी पत्र संख्या

एनएमपीबी/आईएडी/जीआईए/एनआर/पीएल/2018-19/110, तारीख12/11/2018.

फाइल & परियोजना संख्या.

जेड. 18017/187/नर/टीएन-01/2018-19-एनएमपीबी (परियोजना संख्या. नर/टीएन-01/2019)

तालिका 19: आपूर्ति हेतु संग्रहीत कच्चे औषधियाँ

क्र.सं.	आपूर्त सामग्री का प्रकार	आपूर्त मात्रा
1.	स्वच्छ	923.75 किलोग्राम
2.	कच्चे औषध	926.4 किलोग्राम
3.	शुष्क	1.460 किलोग्राम

फोटोग्राफ लिए गए कुल औषधीय पादपों की संख्या

कलर फोटो प्रिंट : 136

संग्रहित पादप अंकुर / स्टेम कटिंग की सूची

वर्ष के दौरान दो सौ दो पादप अंकुर / स्टेम कटिंग संग्रहित / जोड़ किए गए हैं। उक्त पादप अंकुर आईएमआर परियोजना मेडिको इथनो बोटानिकल स्टडी ऑफ पालमलै के सर्वेक्षण दौरे के दौरानसंग्रहीत किए गए हैं।

तालिका 20: संग्र हीत विभिन्न पादप भागों की संख्या

क्र.सं.	प्रकार	संग्रहित
1.	पादप अंकुल	156
2.	बीजांकुर	24
3.	कटिं	15
4.	प्रकंद	1
5.	कंद	1
6.	सक्कर	5

संग्रहालय हेतु

सर्वे एवं संग्रहण दौरा के दौरान चौबीस नमूने इकट्ठा किए गए हैं और संग्रहालय में संरक्षित किया गया है।

लोककथा दावे

समीक्षावधि के दौरान विभिन्न रोग स्थितियों हेतु अधिक से अधिक **37** लोक कथा दावों का रिकार्ड और प्रलेखित किया गया है।

छाया चित्र 3: सिद्ध औषधीय पादप उद्यान, मेट्टूर का नक्शा



3.2.2. इंट्रा म्यूरल रिसर्च परियोजना

	I. डिजिटाइजेशन एण्ड कंपैलेशन ऑफ हर्ब रियम एण्ड फोकलोर एट सर्वे ऑफ मेडिसिनल प्लांटस् यूनिट-सिद्ध, पालयमकोट्टै		
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** • सीसीआरएस के डिजिटल औषधीय पादप हर्बेरियम के केंद्रीकृत भंडार का विकसित करनो **गौण:** • एसएमपीजी (एसएमपीयू-एस) हर्बेरियम का श्रेणीकरण • रिकार्ड किए गए मेडिको इथनो बोटानिकल दावों का संकलन • पालयमकोट्टै एसएमपीजी (एसएमपीयू-एस) के लिए हर्बेरियम और संग्रहालय का बनाए रखना		
2.	**अध्ययन की अवधि**	:	3 वर्ष
3.	**दस्तावेज़ की प्रकृति / प्राकाशन**	:	पुस्तक, वेबसाइट
4.	**भाग लेने वाले केंद्र**	:	एसएमपीजी, मेट्टूर
5.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	:	डॉ एम पद्म स्वर्ण सुब्रमणि यन
6.	**आरंभ की तारीख**	:	13.01.2016
7.	**समाप्ति की तारीख**	:	12.01.2019
8.	**वर्तमान स्थिति**	:	बाहरी विशेषज्ञानें से पुनरीक्षण के उपरांत प्रगति प्रतिवेदन संशोधन हेतु प्राथमिक जाँच कर्ता को भेज दिया गया है
9.	किए गए कार्य का सारांश: रखे गए कुल 7585 हर्बेरियम को ताज़ा, प्रलेखित और केंद्रीकृत वेबसाइट में शामिल किया गया। इन्हे आसानी से देखने के लिए आप्टीमैज और कंप्रेस किया गया। पौधों, जानवरों और खनिज मूल के 738 नमूनों को कवर करने वाले कच्चे औषध संग्रहालय को भी पूर्व रूप में लाया गया और वेबसाइट में शामिल किया गया।		
	II. मेडिको इथनो बोटानिकल स्टडी ऑफ पालमले- सेलमजिला		
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** • मेडिसिनल फ्लोरा का अध्ययन करना . **गौण:** • पलामलाई में रहने वाले आदिवासी समुदाय के मेडिको एथनो वनस्पति विद्या को रिकॉर्ड और दस्तावेज करना		
2.	**अध्ययन की अवधि**	:	3 वर्ष
3.	**दस्तावेज़ की प्रकृति / प्राकाशन**	:	पुस्तक

4.	भाग लेने वाले केंद्र	:	एसएमपीजी, मेट्टूर
5.	प्राथमिक जाँच कर्ता	:	डॉ एम पद्म स्वर्ण सुब्रमणियन
6.	आरंभ की तारीख	:	01.08.2016
7.	समाप्ति की तारीख	:	31.07.2019
8.	वर्तमान स्थिति	:	चालू
9.	किए गए कार्य का सारांश: • तीन सर्वे एवं संग्रहण दौरे- 4 दिन और 154 क्षेत्र संग्रहण • 864 नमूनों को हर्बेरियम शीट्स में रखा गया है और 560 प्रजातियों का वर्णन किया गया है। • एसएमपीजी कार्यालय के संग्रहालय में 26 नमूने और 104 पौधों के अंकुर जोड़ दिए गए हैं		

III. ए सर्वे ऑन दि इथनोमेडिकल इंपार्टेंट्प्लांट्स फॉर कॉमन पेलमेंट्स इन तिरुपूर जिला, तमिलनाडु

1.	उद्देश्य: • तिरुपूर जिला, तमिल नाडु से इथनो मेडिकसिनल रूप से प्रमुख पादपों का सर्वे एवं संग्रहण दौरे • तिरुपूर जिला, तमिल नाडु से लोक कथा दावों का विकास एवं प्रलेखन और पादपों के पारंपरिक औषधीय उपयोग		
2.	अध्ययन की अवधि	:	3 वर्ष
3.	दस्तावेज़ की प्रकृति / प्राकाशन	:	पुस्तक
4.	भाग लेने वाले केंद्र	:	एसएमपीजी, मेटरु
5.	प्राथमिक जाँच कर्ता		डॉ पी राधा
6.	आरंभ की तारीख	:	29.11.2017
7.	समाप्ति की तारीख	:	28.11.2020
8.	वर्तमान स्थिति	:	चालू
9.	किए गए कार्य का सारांश: तिरुपूर जिला में तीन क्षेत्र खोज किए गए हैं • सर्वे किए गए गाँवों की संख्या: 40 • सर्वे में भाग लिए मुखबिरों की संख्या : 48 • रिकार्ड किए गए औषधीय पादपों की सख्या: 96 प्रजातियाँ • संग्रहित कच्चे औषधि यों की संख्या : 126 नमूने (95 प्रजातियाँ) • लिए पादप फोटोग्राफों की संख्या: 280 • फ्लोरा हेतु रिकार्ड किए गए पादपों की संख्या: 250 प्रजातियाँ • रखे गए हर्बेरियम नमूनों की संख्या : 550		

3.2.3. औषधीय पादपों की खेती, रखरखाव और विकास

सिद्धऔषधीयपादपउद्यान:

1. परियोजना का आरंभ : 1993
2. कृषि के अंतर्गत भूमि का विवरण : सिद्धऔषधीयपादपउद्यान
   अ) भूमि का स्वामित्व, क्या उक्त जमीन : सीसीआरएस, चेन्नै के अंतर्गत
   राज्य सरका या लोक निर्माण विभाग, मेट्टूर से पट्टे पर है
   केंद्र सरकार, सीसीआरएस, चेन्नई के नियंत्रण में है
   आ) कृषि परियोजना हेतु आवंटित कुल ज़मीन : 18.14 एकड़

तालिका 21: विकासात्मक गतिविधियाँ

क्र.सं.	ब्लॉक	गतिविधियाँ / विकास	पादप और प्रजातियाँ
1.	ब्लाक ए (1.73 एकड़)	वृक्षोद्यान	65 प्रजातियों के 192 पादप
2.	ब्लाक बी (1.20 एकड)	वृक्षोद्यान	62 प्रजातायों के 198 पादप
3.	ब्लाक सी (0.29 एकड़)	मॉडल गार्डन - 1	236 प्रजातियाँ + 42 आरोही पादप
4.	ब्लाक डी (0.13 एकड़)	पॉली ग्रीन हाउस	गमलों में रखगए 359 प्रजातियों के 489 जीवित पौधे
5.	ब्लाक ई (0.13 एकड़)		
	फील्ड - I(705 वर्ग मीटर.)	वृक्षोद्यान	51 प्रजातियों के 95 पादप
	फील्ड - II (1.29 एकड़)	वृक्षोद्यान	17 प्रजातियों के 75 पादप
	छोटी पहाडी & एवेन्यू (0.75 एकड़)	वृक्षोद्यान	12 प्रजातियों के 78 पादप

तालिका 22: खेती की गतिविधियाँ

क्र.सं.	ब्लूक	एरिया	वानस्पतिक नाम	तमिल नाम
1.	ब्लाक डी	0.15 एकड	पाइपर लॉगम का पॉलीग्रनी हाउस में खेती	तिप्पली
2.	ब्लाक ई, एफ		साइनोडन डक्टीलोन की खेती	अरुगन
3.	ब्लाक जी	0.17 एकड	आंड्रोग्रा फि स पैनीक्युलेटा की खेती	निलवेंबु
		0.8 एकड	ओसिमम बेसिल्लकम	करुनतुलसी
4.	ब्लाक जी जे	0.23 एकड़	सोरोलिया कार्डिफोलिया की खेती	कार्बोगि अरिसि
5.	ब्लाक आई	1.08 एकड़	केसिया सेनन की खेती	निलवारै
		0.40 एकड़	इंडिगोफेरा टिंक्टोरिया	अवुरि
		0.09 एकड़	एलो वीरा की खेती	कुमरि
6.	ब्लाक जे	0.80 एकड़	विथेनिया सोमेनिफेरा की खेती	अमुक्करा
7.	ब्लाक जे	0.44 एकड़	वेट्टिवेरियाजिजनोइडस की खेती	वेट्टिवेर

परीक्षण की खेती

आडातोडा जैलानिका औषध, राइटिया टिनक्टेरिया, वीटेक्स नेगुंडो (नोच्चि), नेलुम्बो नुसिफेरा (तामरै) और अल्पिनिया कैल्केराटा (चित्रारत्तै) की परीक्षण खेती जारी है।

3.2.4. पॉली ग्रीन हाउस का प्रबंधन एवं विकास

एक पॉलीग्रीन हाउस500 वर्ग मीटर के क्षेत्र में स्थित है उसमें379 आरईटी प्रजातियों सहित 359 प्रजातियों वाले लगभग 489 गमलों में रखे गए पौधे रैक्स में व्यवस्था की गई है। पाइपर लॉगम का नर्सरी और खेती भी पॉलीग्रीन हाउस में किया जा रहा है।

बीज बैंक

बगीचे में उगाए गए पौधों की कुल 110 बीज / फलों को भविष्य में उपयोग करने के लिए एकत्र और संग्रहीत किया गया था। इस तरह संग्रहीत बीज नर्सरी में बीजांकुरों को उगाने और खेती के उद्देश्य से किया गया है। इसके अलावा यह बीज बैंक के रूप में भी कार्य करेगा

उद्यान में संरक्षित आरईटी प्रजातियाँ

यह विशिष्ट है कि मेट्टूर बांध में सिद्ध मेडिसिनल प्लांट्स गार्डन में दुर्लभ एवं खतरे की स्थिति प्रजातियों की 39 प्रजातियों का संरक्षण किया जाता है।

3.2.5. मॉडल हर्बल गार्डन का प्रबंधन एवं विकास

मॉडल हर्बल गार्डन फेज-1 का प्रबंधन एवं विकास

1150 वर्ग मीटर के क्षेत्र में एक मॉडल हर्बल गार्डन236 प्रजातियों के साथ बनाया गया है। बगीचे की परिधि परस्टील के ऊपर 42 आरोही पौधे उगाए गए हैं

मॉडल हर्बल गार्डन-चरण II का प्रबंधन और विकास

जलीय पौधों को उगाने के लिए फव्वारे के साथ तालाब के निर्माण के साथ-साथ एक मॉडल हर्बल गार्डन चरण II को राष्ट्रीय औषधीय पौधे बोर्ड (एनएमपीबी) परियोजना के माध्यम से स्वीकृत किया गयाहै।

एक मॉडल उद्यान चरण - II को 1 सेंट भूमि के क्षेत्र के साथ स्थापित किया गया था और 151 गड्ढों को खोदा गया था और प्रत्येक गड्ढे को सीमेंट के छल्ले के साथ तय किया गया था जिसमें 3 फीट चौड़ाई थी। मॉडल गार्डन फेज- II के फेज ए और बी में स्प्रिंकलर प्रकार की सिंचाई लगाई गई है और बाकी पौधों को मैनुअल सिंचाई के तहत उगाया जाता है। मॉडल गार्डन फेज II, पंखुडियाकार तालाब के साथ प्राकृतिक पत्थर से बने लैंडस्केप ब्रिज के साथ जुड़ा हुआ है जिसमें स्टील से बने बांस के हैंडल हैं। चैनल के साथ-साथ गीले पौधे जैसे कि नीरमेलनरुपु, नीरमुल्ली, कलवालै, वेट्टिवेर, थालै, ननल, अराइ आदि भी लगाए गए हैं।

कुल मिलाकर, मौजूदा पेड़ों सहित 272 पौधों को केंद्र में बैठे स्थिति में 5 फीट अगस्थियार प्रतिमा के साथ फव्वारे के साथ पेटलॉइड तालाब के आसपास उगाया जाता है।

एनएमपीबी परियोजना:

जलीय पौधों को उगाने के लिए मॉडल हर्बल गार्डन की स्थापना हेतु एक फव्वारे के साथ तालाब का निर्माण - (द्वितीय चरण)

ब्लाक सी : 532 वर्ग मीटर : अगस्थियर मूर्ति पंखुडियाकार तालाबा और फव्वारा सहित
304 वर्ग मीटर. : मॉडल गार्डन फेज II (ए) 49 प्रजातियाँ
ब्लाक एफ : 583 वर्ग मीटर: मॉडल गार्डन फेज II (बी) 54 प्रजातियाँ
465 वर्ग मीटर. : मॉडल गार्डन फेज II (सी) 40 प्रजातियाँ

एनएमपीबी से प्राप्त निधि से निर्मित पेटालॉइड तालाब को तामरै (व्हाइट, पिंक) (नेलुम्बो न्यूसिफेर), अल्ली (वैल्लई, रेड) (निम्फैह पबस्कैंसवेल्ड), चेवम्बल, (निम्फैला नौचिया बरौटी) जैसे तैरते हुए जलीय पौधों के साथ उगाया गया है।पेटालॉइड टब के बीच के स्थान को खाद मिश्रित लाल मिट्टी के साथ फिर से तैयार किया जाता है और नीर मेल नेरुप्पु (अम्मानिया बैसीफ़ेरा), करिसालई (एक्लिप्टा प्रोस्ट्रेटा), शिवकरंतै (स्पैरैन्थस एमारैंथोइड्स) इओसेट्स कोरोमंडलिना बेसिलिकम पॉलीस्टीओनोन मोइंच, वल्लराई (सैंटेला एशियाटिका अर्बन), नीरब्राम्ही जैसे गीले पौधों के साथ लगाया जाता है।

3.2.6. भेषज अभिज्ञान

पादप औषधियों के पहचान और सिद्ध वानस्पतिक मानकीकरण और सिद्ध फार्माकोपिया कार्य करने हेतु एससीआरआई, चेन्नई और एसआरआरआई, तिरुवनंपुरम में भेषज अभिज्ञान विभाग कार्यरत है।.

तालिका 23: सिद्ध औषधीय यौगिकों एवं एकल औषधियों का पहचान / सूक्ष्मदर्शीय अध्ययन

क्र.सं.	भेषज अभिज्ञान विभाग की गतिविधियाँ	कुल
1.	हर्बेरियम हेतु संग्रहीत पादप	21
2.	पादपों / कच्चे औषधि यों / खनिज / धातु के पहचान / प्रमाणि करण / सूक्ष्मदर्शीय / चूर्ण माईक्रोस्कोपिक अध्ययन	153
3.	सिद्ध भेषजकोश हेतु औषधि यो के पाउडर माइक्रोस्कोपी इल्लस्ट्रेशन	39
4.	औषधि यों जिसके लिए पाउडर माइक्रोस्कोपी इल्लस्ट्रेशन विनिर्मित किया गया है।	39
5.	सूक्ष्मदर्शीय लक्षणों हेतु एकल औषधि यों की गुणवत्ता	13
6.	एससीआरआई फार्मसी में परीक्षि त कच्चे औषधि यों के नमूने	20
7.	पादप सामग्री का पहचान, अधि प्रमाणन और हर्बेरियम की तैयारी	10
8.	औषधीय पादपों के सूक्ष्मदर्शीय लक्षणों का प्रलेखन	19
9.	अनाटमीकल स्टडीज	7
10.	पाउडर माईक्रोस्कोपी (एकल औषधि याँ)	18
11.	पाउडर माईक्रोस्कोपी (औषधीय यौगिक)	1

उद्भिदालय एवं संग्रहालय

समीक्षावधि के दौरान 11 हर्बेरियमों को जोड़ दिया गया है। एक सौ बीस हर्बेरियम नमूने एवं 150 कच्चे औषधि यों का रखरखाव किया जा रहा है।

3.3. औषध मानकीकरण अनुसंधान

3.3.1. एससीआरआई, चेन्नई और एसआरआरआई, तिरुवनंतपुरम में औषध मानकीकरण

- क्लिनिकल परीक्षण ड्रग्स का मानकीकरण
- सिद्ध फार्माकोपियल एकल और औषधीय सम्मिश्रणों का पहचान, शुद्धता, शक्ति और टीएलसी
- टीएलसी के माध्यम से मिलावट / प्रतिस्थानिकों पर अध्ययन
- सिद्ध प्रणाली में प्रयुक्त औषधीय पौधों से रासायनिक घटकों / मार्कर यौगिकों का निष्कर्षण, अलगाव और लक्षण वर्णन
- पीएचडी छात्रों, बीटेक, एम.एससी, बी.एससी केछात्रों को अपने रिसर्चप्रोग्राम्स / प्रोजेक्ट कार्यों के लिएसुविधाएं और मार्गदर्शन प्रदान करना
- अन्य शोध संस्थानों / संगठनों को पौधों सत्वों की आपूर्ति।
- दुनिया भर में सिद्ध और सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध की गतिविधियों / शक्ति का प्रचार हेतु गुणवत्ता नियंत्रण पहलुओं को विकसित करने के लिए आधुनिक परिष्कृत तकनीकों और तरीकों को अपनाना
- एकल दवाओं और औषधीय सम्मि श्रणों के सत्वों के लिए एचपीटीएलसी फोटो डाक्युमेंटेशन और फिंगरप्रिंटिंग प्रोफाइल

तालिका 24: एकल औषधियों / औषधीय यौगिकों का मानकीरकण

क्र.सं.	रसायनविज्ञान विभाग की गतिविधियाँ	कुल
1.	विश्लेषित एकल आषधियाँ	37
2.	विश्लेषि त सिद्ध औषध यौगिकों	11
3.	भुगतान के आधार पर मानकीकृत नमूने	33
4.	एकल औषधि यों का टीएलसी / एचपीटीएलसी	24
5.	औषधीययौगिकोंकाएचपीटीएलसीअध्ययन	2
6.	एसपीसी के अंतर्गत एकल औषधि यों का टीएलसी / एचपीटीएलसी	40
7.	बाहर से निधि यों प्राप्त परियोजना हेतु औषधी य यौगिकों का मानकीकरण	20

3.3.2. पशु और खनिज मूल औषधि अनुसंधान प्रयोगशाला (एएमडीआरएल)

पशु और खनिज मूल ड्रग रिसर्च लेबोरेटरी (एएमडीआरएल) सिद्ध सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट, चेन्नई के परिसर में रसायन विज्ञान विभाग के तहत एक अद्वितीय, अलग विभाग है जो 24 मई 2018 से सिद्ध फार्माकोपिया (खनिज एवं धातु) को विकसित करने के लिए बनाया गया है। सीसीआरएस-आईएमआर योजनाके तहत इस डिवीजन में परिष्कृत विश्लेषणात्मक उपकरण जैसे तरल क्रोमैटोग्राफी-मास स्पेक्ट्रोमेट्री (ट्रिपल क्वाड्रोपोल एलसी-एमएस), इंडक्टिवली कपल्ड प्लाज़्मा-ऑप्टिकल एमिशन स्पेक्ट्रोस्कोपी (आईसीपी ओईएस), यूवी विजबुलस्पेक्ट्रोस्कोपी जिसमें सॉलिड-स्टेट डिफ्यूज़न रिफ्लेक्टेशन स्पेक्ट्रोस्कोपी (डीआरएस) और वेसल माइक्रोवेव डाइजेस्टर शामिल हैंरु .2.00 करोड़ की अनुमानित लागत से खरीदे गए हैं।

3.3.3. इंट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोजेक्ट

I. सिद्ध चिकित्सा पद्धति में सीरनकोइड (सेमिकार्पस अनकार्डियम) शुद्धिकरण से पहले या बाद में वैज्ञानिक मान्यता		
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** सीरनकोइड (सेमिकार्पसअनकार्डियम) शुद्धिकरण से पहले या बाद में वैज्ञानिक मान्यता **गौण:** सेमीकार्पस अनकार्डियम के नट्स के शुद्धिकरण, गुण्वत्ता एवं सुरक्षा	
2.	**परियोजना की अवधि**	1 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ एल जूलिएट
5.	**आरंभ की तारीख**	28.12.2018
6.	**वर्तमान स्थिति**	प्रगति रिपोर्ट का बाह्य विशेषज्ञों के साथ पुनरीक्षण के उपरांत रिपोर्ट में संशोधन जोड़ने हेतु प्राथमिक जाँचकर्ता को भेज दिया है।
7.	**कार्य का सारांश:** परियोजना के परिणाम अ-शुद्ध नमूनों से शुद्ध नमूनों के विभिन्न मापदंडों में उल्लेखनीय अंतर दिखाते हैं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि एनकार्डिक एसिड की कमी के साथ होने वाले विश्लेषणात्मक परिणामों के बाद से शुद्धि प्रक्रिया (शुद्धीकरण) निश्चित रूप से जलन और सीरनकोइड के अन्य विषाक्त लक्षणों को कम करती है जो सिद्धों द्वारा बल दिए गए शुद्धि की अवधारणा की पुष्टि करती है। यह स्पष्ट रूप से समझा गया था कि सिद्ध शुद्धि प्रक्रिया फिजियोकेमिकल, माइक्रोस्कोपिक, माक्रोस्कोपिक, फाइटोकेमिकल, एचपीटीएलसी और एफटीआईआर विश्लेषणात्मक अध्ययन को प्रभावित कर सकती है।	
II. प्रजनन और बाल स्वास्थ्य में उपयोग किए गए चयनित पौधों से रसायनिक मार्कर का अलगाव		
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** चयनित पौधों से रासायनिक मार्कर का अलगाव **गौण:** प्रजनन और बाल स्वास्थ्य हेतु सिद्ध औषधीय यौगिकों में इस तरह अलग किए गए रसायनिक मार्करों का उपयोग करना	
2.	**परियोजना की अवधि**	3 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ आर शकिला
5.	**आरंभ की तारीख**	17.03.2017
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना

7.	परिणाम: पृथक रासायनिक मार्करों को आरसीएच परियोजना के तहत एससीआरआई को आवंटित 15 सिद्ध औषधीय योगों के मानकीकरण के लिए उपयोग किया जा सकता है। यदि अलगाव के दौरान किसी भी नए यौगिकों को अलग किया गया था, तो इसका पेटेंट कराया जा सकता है।
	III. सिद्ध प्रणाली में प्रयुक्त चयनित पौधों की अकार्बनिक संरचना का विश्लेषण
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** चयनित पौधों में अकार्बनिक सामग्री की संरचना का विश्लेषण करना **गौण:** जिन सिद्ध पौधों का उपयोग भस्म के रूप में किया जाता है उन सिद्ध औषधीय योगों में निश्चित संरचना के साथ एक अकार्बनिक मिश्रण उपयोग करने के लिए सुझाव देना
2.	**परियोजना की अवधि** 3 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र** एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता** डॉ आर शकिला
5.	**आरंभ की तारीख** 17.03.2017
6.	**वर्तमान स्थिति** चालू परियोजना
7.	**परिणाम:** यदि भस्म / अकार्बनिक पदार्थों की संरचना जानकारी थी, तो अन्य धातुओं / खनिजों के समान सिद्ध औषधीय योगों को तैयार करने के लिए सिंथेटिक फार्मा उत्पादों का उपयोग करके तैयार किया जा सकता था। इन भस्मों की सटीक संरचना का अध्ययन पूरे सिद्ध समुदाय के लिए उपयोगी होगा। जैव विविधता का संरक्षण होता है।
	IV. लेड युक्त पादपों में लेड का गुणात्मक और मात्रात्मक विश्लेषण'- सिद्ध दावे का वैज्ञानिक सत्यापन
1.	**उद्देश्य:** वैज्ञानिक रूप से सिद्ध शास्त्रीय पाठ में उल्लिखित पादपों में लेड युक्त पौधों में लेड की उपस्थिति को प्रमाणित करना और वैज्ञानिक लाइनों पर इन औषधीय पौधों के फार्माकोपियोअल मानकों को विकसित करना
2.	**परियोजना की अवधि** 3 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र** एसआरआरआई, तिरुवनंतपुरम
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता** श्रीमती अनिता जॉन
5.	**आरंभ की तारीख** 17.07.2017
6.	**वर्तमान स्थिति** चालू परियोजना
7.	**परिणाम:** इस परियोजना से शास्त्रीय ग्रंथों में **उल्लिखित लेड** युक्त पौधों 'में **लेड** की उपस्थिति के लिए सिद्ध दावे को वैज्ञानिक रूप से साबित करने की उम्मीद है और वैज्ञानिक तर्ज पर इन औषधीय पौधों के फार्माकोपियोअल मानकों को विकसित **किया जाएगा**

V.	क्वालिटेटिव एण्ड क्वांटिटेटिव अनालिसिस ऑफ चैंबु (तांबा) इन चैंबु कंटैनिंग प्लांटस- ए साइंटिफिक वेलिडेशन ऑफ सिद्ध क्लेम	
1.	**उद्देश्य: सिद्ध शास्त्रीय पाठों में उल्लिखित** सिद्ध शास्त्रीय ग्रंथों में उल्लिखित 'चेम्बू युक्त पौधों में चेम्बु (तांबा) की उपस्थिति को वैज्ञानिक रूप से मान्य करना	
2.	**परियोजना की अवधि**	3 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ के पार्थसारथी
5.	**आरंभ की तारीख**	03.04.2017
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना
7.	परिणाम: यह परियोजना "चेम्बु युक्त पौधों" में चैंबु की उपस्थिति के लिए सिद्ध दावे को वैज्ञानिक रूप से साबित करने की उम्मीद रखती है	

VI.	अनटार्गेटेड अप्रोछ टू दि जियोकेमिकल कैरेक्टरैजेशन ऑफ हाइपोथिकेटेड मुप्पु (रामेश्वररम के बंगाल की खाडी से संग्रहित समुद्रीय तलछल और कोवनूर व सिद्धा मल्लि से संग्रहित सफेद नमक)	
1.	उद्देश्य: विभिन्न गुणात्मक और मात्रात्मक प्रयोगों का उपयोग करके और आधुनिक परिष्कृत विश्लेषणात्मक तरीकों का उपयोग करके रसायनिक रूप से दो समुद्री अवसार्दो और एक रिसाव करने योग्य नमक (सिद्ध साहित्य द्वारा क्रमश:ब्रह्म कल, विष्णु कल और पूनीर परिकल्पित) का गुणों का पहचान	
2.	**परियोजना की अवधि**	2 वर्ष. अगले 6 महीनों के लिए अवधि बडा दी गई है
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ के पाथसारथी
5.	**आरंभ की तारीख**	3.4.2017
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना
7.	**परिणाम**: रामेश्वरम में बंगाल की खाड़ी सेसमुद्री अवसादों और तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों से एकत्र किए गए सफेद चूर्ण लवणकी रासायनिक संरचना स्थापित करने के लिए एक एकीकृत वर्कफ्लो • अकार्बनिक अवसार्दो और लवण में मौजूद ट्रेस एलिमेंट्स का पता लगाने के लिए गुणात्मक तरीके उपलब्ध होंगे। • दोनों प्रमुख और छोटे घटकों के मात्रात्मक आकलन को विकसित किया जाएगा और सभी विश्लेषणात्मक मात्राओं को सटीक, रैखिकता, आरोग्य प्राप्ति अध्ययन और अन्य महत्वपूर्ण सत्यापन मापदंडों के संदर्भ में मान्य किया जाएगा।	

VII.	मेटबॉलिक प्रोफाइलिंग एण्ड आइडेंटिफिकेशन ऑफ प्रिंसिपल कांपोनेंट्स फ्राम हर्बल्स यूजड इन सिद्ध सिस्टम फॉर कॉग्निटिव डिसआर्डर्स यूजिंग एलसीएमएस/ एमएसएण्ड मल्टीवेरिएट स्टाटिस्टिकल अनालिसिस	
1.	**उद्देश्य:** संज्ञानात्मक विकारों के लिए मास स्पेक्ट्रोमेट्री सहित लिक्विड क्रोमटोग्री सिद्ध चिकित्सा पद्धति में प्रयुक्त फिंगर प्रिंट को विकसित करने मल्टी वेरिएटेड सांख्यकीय विश्लेषण (पीसीएण्डओपीएलएस-डीए) माध्यम से प्रधान घटकों का पहचान	
2.	**परियोजना की अवधि**	3 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ के पार्थसारथी
5.	**आरंभ की तारीख**	23.07.2018
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना
7.	**परिणाम:** सांख्यकीय विश्लेषणों द्वारा प्राकृतिक उत्पादों के मालिक्युलॉर फिंगर प्रिंटिंग, क्वांटिटेटिव अनालिसिस और पिंसिपल कांपोनेंट पहचान के लिए एकीकृत वर्कफ्लो को विकसित करना। माध्यमिक मेटाबोलाइट्स का व्यापक मास स्पेक्ट्रल एटलस उत्पन्न किया जाएगा	

VIII.	सरक्कु वैप्प ऑफ ए पॉली हर्बल फार्मुलेशन विथ अबिनि लाइक प्रापर्टीज बाइ सिद्ध मेथोडालोजी ऑफ कॉगनवर	
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** • कॉगनर के प्राचीन सिद्ध साहित्य के अनुसार अबिनि को वैप्पु के रूप में संश्लेषण करना **गौण:** • अबिनि का वैप्पु सकरु का मानकीकरण • भौतिक, रसायनिक और विश्लेषणात्मक पद्धतियों द्वारा अबिनि के वैप्पु सरक्कु के गुणात्मक, शुद्धता, सुरक्षा का निर्धारण करना	
2.	**परियोजना की अवधि**	1 वर्ष 6 महीने
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एसीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ वी आरती
5.	**आरंभ की तारीख**	4.10.2018
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना
7.	**परिणाम:** वैप्पु अबिनी को मानक गुणवत्ता के साथ तैयार करना और अबिनी के वैप्पू (वैकल्पिक तैयारी) के प्रतिस्थापन के दावे के लिए सिद्ध प्रणाली के पारंपरिक ज्ञान पर आधारित प्रमाण जोड़ना।	

IX.	सिद्ध चिकित्सा पद्धति में प्रयुक्त मातिरै / टेबलेट औषधीय योगों के क्वालिटी कंट्रोल पैरामीटर्स पर तुलनात्मक अध्ययन	
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** सिद्ध केंद्रीय अनुसंधान संस्थान के फार्मेसी में तैयार किए गए टैबलेट / मातिरै के साथ-साथ विभिन्न व्यावसायिक रूप से उपलब्ध गोलियों की तुलना में विघटन समय, भार भिन्नता परीक्षण, कठोरता, भंग्यता परीक्षण, औषधीय योगों के बल्क डेन्सिटी स्टडी को पूरा कराना **गौण:** पैरामीटरों के अनुरूप मातिरै / टेबलेट के लिए मसौदा तैयार करना	
2.	**परियोजना की अवधि**	2 वर्ष
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ एम एस श्रीदेवी
5.	**आरंभ की तारीख**	28.12.2017
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना
7.	**परिणाम:** सिद्ध चिकित्सा प्रणाली में सभी प्रकार के टैबलेट औषध योगों के विघटन के समय को स्थापित करने के लिए एक आवश्यक व्यापक अध्ययन।	

X.	सिरुगन नगम शुद्धि का मानकीकरण एवं नाग पर्पम- सिद्ध औषध का भौतिक रसायनिक मूल्यांकन- प्रक्रिया अध्ययन	
1.	**उद्देश्य:** **प्राथमिक:** नाग पर्पम की तैयारी का वैज्ञानिक मानकीकरण एवं नाग पर्पम का भौतिक रसायनिक मूल्यांकन **गौण:** सिरुकन नगम का इन प्रासेसे स्टंडर्डैजेशन	
2.	**परियोजना की अवधि**	2 वर्ष 3 महीने
3.	**भाग लेने वाला केंद्र**	एससीआरयू बंगलूर (एससीआरआई फार्मसी, चेन्नई में कार्य किया गया है)
4.	**प्राथमिक जाँच कर्ता**	डॉ एम हरिहरमहादेवन
5.	**आरंभ की तारीख**	22.12.2017
6.	**वर्तमान स्थिति**	चालू परियोजना
7.	**परिणाम:** सुदधि (शुद्धि) और नागा पर्पम तैयार करने की प्रक्रिया में नागम द्वारा किए गए भौतिक और रासायनिक परिवर्तनों का मानचित्रण	

3.4. भेषजगुण विज्ञान & विषविज्ञान

3.4.1. नैदानिक पूर्व अध्ययन

एससीआरआई, चेन्नई से जुड़ी प्रयोगशाला में पूर्व निर्धारित प्रायोगिक मॉडलपर **अध्ययन** किए गए हैं। ये अध्ययन जानवरों की विभिन्न प्रजातियों में प्रयोगात्मक मॉडल पर आधारित हैं और नैदानिक अध्ययन को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं।

तालिका 25: आवंटित एवं अध्ययन किए गए औषध

क्र.सं.	आबंटित औषध	निर्धारित लक्ष्य	किए गए अध्ययन	टिप्पणियाँ
1.	उरै मातिरै	विषाक्तता एवं प्रभावकारिता	चूहों में तीव्र विषाक्तता	संपूर्ण
			चूहों में अनुतीव्र विषाक्तता	
			चूहों में जीर्ण विषाक्तता	
			चूहों में एंटी इंफ्लमेटरी सक्रियता	
			चूहों में वेदनाहर सक्रियता	
			इम्यूनोमॉड्युलेटरी सक्रियता	
2.	तेट्रानविदै कुडिनीर	विषाक्तता एवं प्रभावकारिता	चूहों में तीव्र विषाक्तता	सपूर्ण
			चूहों में अनुतीव्र विषाक्तता	
			चूहों में जीर्ण विषाक्तता	
			एंटी डायाबिटिक सक्रियमा	
3.	वेदामरैयादि चूरणम	विषाक्तता	चूहों में तीव्र विषाक्ता एवं अनुतीव्र विषाक्तता अध्ययन	संपूर्ण
			चूहों में अनुतीव्र विषाक्तता	
4.	ईएमआर- परियोजना: थि रापु टि क एफीकेसी ऑफ रसगंदि मेलुगु (आरजीएम) इन 7-12 डाईमिथैल बैंज आंथ्रासिन (डीएमबीए) इंडूज्ड मम्मरी ट्यूमर्स इन रैट्स	प्रभावकारिता	चूहों में रसगंदि मेलुगु (आरजीएम) इन 7-12 डाईमिथैल बेंज आंथ्रासिन (डीएमबीए) इंडूज्ड मम्मरी ट्यूमर्स का प्रभाव	प्रगति पर है

3.4.2. इंट्रा म्यूरल रिसर्च परियोजनाएँ

I. चूहों में डी 5 चूरणम का एंटी हाइपरलिपिडिमिक सक्रियता का मूल्यांकन		
1.	**उद्देश्य:** डी 5 चूरणम का हाइपरलिपिडिमिक सक्रियता का मूल्यांकन	
2.	**परियोजना की अवधि**	1 वर्ष
3.	**भाग लेने वाले केंद्र**	एससीआरआई, चेन्नई
4.	**प्राथमिक जाँचकर्ता का नाम**	डॉ जी दयानंद रेड्डी
5.	**आईएईसी अनुमोदन संख्या**	167/फार्मा/एससीआरआई/2017

6.	राष्ट्रीय स्तर आरोग्य मेला - 2018	डॉ एम हरिहरमहादेवन डॉ आर तिलगवती डॉ सी ईश्वरन डॅ केपी वन्मति श्री आर गुणशेकरन	5-9 दिसंबर 2018	केंद्रीय विश्वविद्यालय मैदान, बंगलूर, कर्नाटका
7.	8वा विश्व आयुर्वेद महासम्मेलन एवं आरोग्य - 2018	डॉ एमएस श्रीदेवी डॉ एल जूलिएट डॉ सी अन्बरसि डॉ आर सामराज श्री पिंडिबोइन श्रीनिवासुलू श्री पी अय्यनार सुश्री टी जननी	14-17 दिसंबर 2018	गुजरात विश्वविद्यालय कन्वेंशन एवं प्रदर्शनी केंद्र, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात

8.	राज्य स्तरीय आरोग्य मेला	डॉ एस शरवनन डॉ आर रतिनमाला डॉ ए उषा डॉ एस अनवर बाबू श्री अक्षय तिवारी श्री आर रामकृष्णन	8-10 फरवरी 2018	ऋषिकुल मैदान, हरिद्वारा, उत्तराखंड
9.	राज्य स्तरीय आरोग्य मेला	डॉ एल मुगुंथन डॉ एस इसैवाणी डॉ आर तिलगवती डॉ एम मुत्तु तमिल सुश्री के महा लक्षी श्री ए मनोज	15-17 फरवरी 2019	नेकलेस रोड, हैदराबार, तेलंगाना
10.	आयुष कानक्लेव एण्ड स्टेट लेवन आरोग्य फेर (क्लीनिक्स एण्ड एक्सपो)	डॉ ए कनकराजन डॉ जीएस लेखा डॉ केएस मानिक्य चेल्वी डॉ वी गायत्री देव श्रीमती अनिता जॉन डॉ एस अपर्णा डॉ एम नटराजन	15-18 फरवरी 2019	कनकक्कुन्नु, तिरुवनंतपुरम
11.	राज्य स्तरीय आरोग्य मेला	डॉ आर मीना डॉ वी आरती श्री बी लक्ष्मणुडु श्री बी सांबा नायक	1-3 मार्च 2019	ट्रैएंगुलर पार्क ग्राउंड, कोलकाता - एसोचम द्वारा आयोजित

6. सिद्ध भेषजकोश समिति

सिद्धभेषजकोश समिति (एसपीसी)सिद्ध औषधियों और सम्मिश्रणों के लिए गुणवत्ता मापदंडों की स्थापना के अधिदेश से आयुष मंत्रालय के अधीन कार्यरत है। वर्तमान में यह समिति सीसीआरएस के मुख्यालय में कार्यरत है।

द सिद्ध फार्मुलरी ऑफ इंडिया, भाग 1 प्रथम संशोधित संस्करण - तमिल को मुद्रण हेतु पीसीआईएमएच को भेज दिया गया है। द सिद्ध फार्मुलरी ऑफ इंडिया, भाग-3 हेतु 150 शास्त्रीय औषधियों का पहचान किया गया है और एसपीसी द्वारा अनुमोदित भी किया गया है। सिद्ध फार्मुलरी ऑफ इंडिया, भाग-2 अंग्रेजी भाषा में अनुवाद किया गया है और एसपीसी द्वारा इसका अनुमोदित किया गया है। सिद्ध

फार्माकोपिया, भाग 1 खंड 4 का कार्य शुरू किया गया और प्रगति पर है। सिद्ध फार्माकोपिया ऑफ इंडिया, भाग1 खंड 3 के 40 एकल औषधियों के विनिबंधों का नए आरूप में एसपीसी द्वारा अनुमोदित किया गया और उपने वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु पीसीआईएमएच को भेज दिया गया है।

चित्र 13: सीसीआरएस चेन्नई में दिनांक 25 मई 2018 को आयोजित एसपीसी समिति की बैठक

7. एक्सट्रा म्यूरल रिसर्च (ईएमआर)

पृष्ठ भूमि

आयुष विभाग आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, होम्योपैथी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषदों द्वारा किए गए इंट्रा म्यूरल रिसर्च अनुसंधान-ईएमआर- शोध कार्य के अलावा एक्स्ट्रा-म्यूरल रिसर्च की योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य आईपीआर मूल्य वाले नवाचारों वैज्ञानिक डेटा को समृद्ध और विकसित करने के लिए वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, फार्मेसी, और औषध विज्ञान की तरह संबंधित विज्ञान के साथ साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अनुसंधान गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान संगठनों के लिए प्रोत्साहित करना है।

पारंपरिक और हर्बल चिकित्सा के लिए एक विश्व बाजार के वैश्वीकरण और विकास के वर्तमान युग में, अनुसंधान और विकास के लिए दवाओं, न्यूट्रासूटिकल्स, सौंदर्य प्रसाधन आदि के रूप में उत्पादन और गुणवत्ता के उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देना आवश्यक है। हर्बल उत्पादों के व्यापार में देशों एक दूसरे के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है । एक्स्ट्रा-म्यूरल रिसर्च योजना वित्तीय सहायता के माध्यम से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है। सीसीआरएस 2011 के बाद से आयुष विभाग के एक्स्ट्र रिसर्च योजना के तहत सिद्ध से संबंधित अनुसंधान परियोजनाओं का समन्वय कर रहा है। केन्द्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद् स्थापित हुआ और 1 सितंबर, 2010 से काम करना शुरू किया। (संदर्भ सीसीआरएएस कार्यालय आदेश संख्या 1634/2010/ पत्र संख्या 12-38 / 2009-सीसीआरएएस / स्थापना दिनांक1/9/2010 और सिद्ध से संबंधित सभी परियोजनाएँ सीसीआरएस को स्थानांतरित की गई हैं।

लक्ष्य और उद्देश्य

- प्राथमिकता वाले बीमारियों के लिए अनुसंधान एवं विकास आधारित आयुष दवाओं का उत्पादन करना
- आयुष उत्पादों और प्रथाओं के लिए सुरक्षा, मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण पर डेटा उत्पन्न करना
- आयुष दवाओं और चिकित्सा की प्रभावकारिता पर साक्ष्य आधारित समर्थन को विकसित करना
- शास्त्रीय ग्रंथों पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और आयुष प्रणालियों के मौलिक सिद्धांतों की जांच करना
- कच्चे दवाओं और तैयार उत्पादों में भारी धातुओं, कीटनाशकों के अवशेष, माइक्रोबियललोड,सुरक्षा/

विषाक्तता आदि पर डेटा उत्पन्न करना

आयुष निर्यात बढ़ाने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) और क्षमता वाले आयुष उत्पादों को विकसित करना

आयुष विभाग और अन्य संगठनों / संस्थानों के बीच संयुक्त अनुसंधान उद्यम विकसित करना

आयुष प्रणालियों में संभावित मानव संसाधन विकसित करने के लिए खासकर आयुष प्राणालियों से संबंधित वैज्ञानिक योग्यता और विशेषजता विकसित करने कराना

चित्र 4: एक्स्ट्रा म्यूरल रिसर्च प्रोसस स्नाप शाट

ईएमआर में आंतरिक जाँच समिति की भूमिका

- हित धारक - विश्वविद्यालय, कॉलेज, एनजीओ- द्वारा आवेदन
- आईएससी द्वारा गहन परीक्षा- आंतरिक जाँच समिति
- यदि ठीक पाया, ईएमआर परियोजनाओं महानिदेशक, सीसीआरएस, आईएससी के अध्यक्ष द्वारा

  पीईसी के लिए सिफारिश करते हैं।
- यदि ठीक नहीं तो, वापस पीआई को संशोधन सुधार या अस्वीकृति हेतु भेजा जा सकता है

ईएमआर में पीएससी की भूमिका

- आईएससी द्वारा सिफारिश आवेदकों को प्रस्तुति के लिए कहा जाता है
- पीईसी द्वारा गहन परीक्षा- परियोजना मूल्यांकन समिति
- यदि ठीक पाया, ईएमआर परियोजनाओं संयुक्त सचिव, आयुष, पीईसी के अध्यक्ष द्वारा पीएसी को सिफारिश की जाती है

ईएमआर में पीएसी की भूमिका

- पीईसी द्वारा संदर्भित परियोजना की अच्छी तरह से परख होती है।
- यदि अनुमोदित हो तो अनुदान के लिए संस्तुत किया जाता है।

वर्तमान स्थिति

वर्ष 2018-19 में चालू परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति नीचे तालिका में दर्शाई गई है

तालिका 45: ईएमआर- सिद्ध के संपूर्ण एवं चालू परियोजनाएँ

क्र.सं.	परियोजना का शीर्षक	प्रायमिक जाँचकर्ता का नाम एवं पता
	संपूर्ण	
1.	प्री क्लीनिकल स्टडीज ऑफ ए पॉली हर्बल एण्ड हर्बोमिनरल फार्मुलेशन इन दि मेनेजमेंट ऑफ यूरोलिथियासिस- ए कंपारिटिव स्टडी	डॉ डी चामुंडेश्वरी, प्राचार्या, फार्मसी संकाय, श्री रामचंद्रा विश्वविद्यालय, चेन्नई- 600 116
2.	अलर्कील्वायु के लिए सिद्ध चिकित्सा में स्थित पारंपरिक सुट्टिगै के प्रलेखन एवं प्रभाव का नैदानिक वैधता	डॉ.एस.श्रीधर आश्रमसिद्धयोगाअनुसंधानसंस्थान सेलम-636 004,
3.	स्टडी ऑन यूनिक सिद्ध डोसेज फ़ॉर्म कट्टु	डॉटीतिरुनारायणन सीटीएमआर, अदमबाक्कम,चेन्नई-600 088.
4.	तमिलनाडु के दक्षिण प्रदेशों में विष वैद्य उपचार का प्रलेखन (विष सेवन एवं विष दंश का उपचार)	डॉ वी गणपति, विवेकानंद केंद्र, एनएआरडीईपी, कन्याकुमारी- 69 702.
	चालू परियोजनाएँ	
1.	साइंटिफिक वेलिडेशन आफ ए सिद्ध फार्मुलेशन, लेदि, वल्लादि (मेलुगु) फॉर आर्थराइटिस एण्ड ट्रडिरैवइट्स अंडरलेइंग मेकानिज्म	डॉ डी चामुंडेश्वरी, प्राचार्या, फार्मसी संकाय, श्री रामचंद्रा विश्वविद्यालय, चेन्नई- 600 116
2.	स्तन ट्यूमर में डाइमिथैल बेंजांथासिन(डीएमबीए) प्रेरित चूहों में रसगांदि (मेलुगु) (आरजीएम) की चिकित्सीय प्रभावकारिता	डॉ सी बालचन्द्रन डीन एवं प्रोफसर मद्रास पशु चीकित्सा कॉलेज, चेन्नई 600 007
3.	इनविट्रो एण्ड इनविवो इवाल्युवेशन ऑफ थिरापुटिक पोटेंशियल ऑफ सिद्ध इग्स अप ऑन चिकुनगुनिया वाइरसइंफेक्शन	डॉ सुजाता सुनील, जेनेटिक इंजीनियरिंग और जैवप्रौद्योगिकी अंतर्राष्ट्रीयकेंद्र,नईदिल्ली।

4.	संगु पर्पम और अरत्तै चूरणम पर मानकीकरण, वैद्यता, विषाक्तता और प्रभावकारिता अध्ययन	डॉ एम रामनाथम प्रोफसर एवं प्राचार्य पीएसजी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कोयंबत्तूर- 641 004.
5.	वेलिडेशन ऑफ दि फार्माकोलोजिकल एफीकेसी ऑफ नंदि मेलुगु, प्री ट्रीटमेंट विथ कुम्मटि मेलुगु इन प्री क्लीनिकल माडल्स ऑफ अनोवुलेशन एण्ड इट्स अप्लीकेशन इन वेटनरी मेडिसिन इन ओवुलेटरीडिस आर्डरइनकेटल	डॉ एमआर श्रीनिवासन सहायक प्रोफसर पुशुचिकित्सा, भेषजगुण विज्ञान एवं विषाक्तता, मद्रास वेटनरी कॉलेज, चेन्नई- 600 007.
6.	इलुसिडेशन ऑफ दि मेकानिज्म ऑफ एक्शन ऑफ ए सिद्ध फार्मुलेशन एगैस्ट अल्जैमर्स डिसीज	डॉ के उमा महेश्वरी एसोसिएट प्रोफसर एवं डीन, सैंटर फॉर नैनेटेक्नोलॉजी, अडवांस्ट बायो मेटीरियल्य शास्त्री विश्वविद्यालय, तंजाऊर
7.	एनुमुरेटिव एण्ड अनलिटिकल स्टडी ऑन सर्टैन सिद्ध ड्रग्स एगैंस्ट एंट्रिक एण्ड सूपर फीसियल स्किनइंफेक्टिव माइक्रोबियल पैथोजेन्स	डॉ ए नैंस्टडेविड प्रो एवं अध्यक्ष जीव प्रौद्योगिकी विभाग, तिरुवल्लूर विश्वविद्यालय, वेल्लूर- 632 115.
8.	एवाइवाल्युवेशन ऑफ चंदमरुथुव चैंदूरम एण्ड अयवीर चैंदूरम थ्रूस्टडी ऑफ न्यूरोट्रांसमीटर, प्रोटीन एण्ड एंजैम लेवल आल्टेशन्स अक्करिंग इयूरिंगथेयर ट्रीटमेंट फॉर एमसीएओफोकलसेरेब्रेलइश्चीमिया (इंडूज्डब्रेनस्ट्रोक) इनरेट्स	डॉएस बलराम कैमल सहायक प्रोफसर, जीवरसायन विज्ञान विभाग सविता मेडिकल कॉलेज एण्ड हास्पीटल तंडलम, चेन्नई
9.	ऑकोलोजिकल केयर विथ सिद्ध कांसेप्टस इन फार्मुलेशन: ए नावल साइंटिफिक अप्रोछ	डॉ एन दीपा आस्तगिरी हर्बलरिसर्च फाउंडेशन, पेरुंगुडि इंडस्ट्रीयल एस्टेट, चेन्नई- 600 096.
10.	एनुमु रेटिव एण्ड अनलिटिकल स्टडी ऑन सर्टैन सिद्ध ड्रग्स एगैंस्ट एंट्रिक एण्ड सूपरफीसियल स्किनइंफेक्टिव माइक्रोबियल पैथोजेन्स	डॉ ए नैंस्टडेविड प्रो एवं अध्यक्ष, जीवप्रौद्योगिकी विभाग, तिरुवल्लूर विश्वविद्यालय, वेल्लूर- 632 115.
11.	पेट के कैंसर के इलाज में फेनोइलप्रोपैनोइड युक्त और उनके बायोमेडिकल भूमिका की जांच वाले संपूर्ण पादप सत्व का एकल चरण निष्कर्षण	डॉ एम मीनाक्षी सुंदरम, सहायक प्रोफसर, स्कूल ऑफ केमिकल एवं बायोटेक्नोलॉजी, शास्त्रा विश्वविद्यालय, तंजाऊर-613401

8. सीसीआरएस और अन्य संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन

समीक्षावधि के दौरान सीसीआरएस निम्नलिखित प्रमुख सस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन किया है। ये समझौता ज्ञापन साक्ष्य आधारित सिद्ध चिकतिसा प्रणाली को स्थापित करने हेतु मूल अनुसंधान, नैदानिक अनुसंधान, स्वास्थ्य सुरक्षा अनुसंधान, औषध अन्वेषण, साहित्यि क अनुसंधान, संकाय सदस्यों को प्रशि क्ष्ण और संकाय सदस्यो के ज्ञान आदान प्रदान, सहयोगी अनुसंधान करना और प्रशि क्षण गतिविधियाँ पर प्रकाश डालेगा।

चित्र 14: सीसीआरएस एवं प्रोसिडेंसी कॉलेज के बीच एमओयू

चित्र 15: सीसीआरएस एवं शास्त्रा विश्वविद्यालय के बीच एमओयू

चित्र 16: सीसीआरएस एवं मीनाक्षी अकादमी ऑफ़ हाइयर एजुकेशन एण्ड रिसर्च, चैन्नई के बीच एमओयू

तालिका 46: समझौता ज्ञापन विवरण

क्र.सं.	संस्थान का नाम	निष्पादन की तारीख
1.	प्रेसिडेंसी कॉलेज	18 मई, 2018
2.	शास्त्रा (मानित विश्वविद्यालय), तंजाऊर	18 मई, 2018
3.	मौलाना आजाद चिकित्सा महाविद्यालय, नई दिल्ली	19 मई, 2018
4.	मीनाक्षी अकादमी ऑफ हाइयर एजुकेशन एण्ड रिसर्च (एमएएचईआर) (मानित विश्वविद्यालय)	24 मई, 2018

9. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद् दिनांक 21.6.2018 को सरकारी सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय, चेन्नई के साथ संयुक्त रूप से जीएसएमसी खुले मैदान में चौथा अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया है। डॉ पी सत्यराजेश्वरन, प्रभारी सहायक निदेशक, सिद्ध केंद्रीय अनुसंधान संस्थान ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। प्रो डॉ के कनकवल्ली ने उपस्थित जनों का स्वागत किया और गैर संचारी रोगों के प्रबंधन में योग के महत्व को बताया। डॉ एनजे मुत्तुकुमार, प्रभारी महानिदेशक, सीसीआरएस ने प्रत्येक व्यक्ति के दैनिक जीवन में दबाव मुक्त और स्वास्थ्य जीवन हेतु योग को जोड़ने पर बल दिया है। डॉ एस सेल्वराजन, अनुसंधान अधिकारी, सीसीआरएस ने अतिथियों, संकाय सदस्यों, अनुसंधान सदस्यों और छात्रों को अपने सक्रिय सहभगिता हेतु धन्यवाद अर्पित किया है।

सिद्धर वणक्कम के बाद योग सत्र का आयोजन किया और आयुष मंत्रालय द्वारा जारी कॉमन योग प्रोटोकॉल अमल किया गया है। डॉ आर मीना, अनुसंधान अधिकारी सिद्ध, डॉ एस डी मुरलीदास, अनुसंधान असोसिएट सिद्ध और डॉ एस कुमार, अनुसंधान असोसिएट सिद्ध, चेन्नई इस आयोजन के प्रशिक्षक हैं। अधिक से अधिक 250 लोग भाग लिए हैं जिनमें जीएसएमसी के स्टाफ, एससीआरआई, चेन्नई सीसीआरएस और सामान्य जनता शामिल है।उक्त आयोजन भुवन- योग एप और योग लोकेटर एप में प्रदर्शित किया गया है।

सरकारी सिद्ध महाविद्यालय, पालयमकोट्टै के राष्ट्रीय सेवा योजना संयोजन से जीएसएमसी कॉलेज के छात्रों और सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, पालयमकोट्टै के स्टाफ द्वारा बृहत योग आसनों का प्रदर्शन किया गया है।

क्षेत्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बडे पैमाने पर अयोजित किया गया है। फील्ड पब्लिसिटी ऑफिस, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और एसआरआरआई, पुदुच्चेरी के संयुक्त तत्वाधान में सरकारी महिला पॉलीटेक्नीक कॉलेज में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। योग और प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस क्षेत्रीय सिद्ध अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम, सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, नई दिल्ली, सिद्ध नैदानिक अनुसंधान एकक, बंगलूर और सिद्ध औषधीय पादप उद्यान, मेट्टूर में बडे पैमाने पर आयोजित किया गया है।

चित्र 17: सीसीआरएस एवं एससीआरआई, चेन्नई के अधिकारी एवं कर्मचारी और जीएसएमसी कॉलेज के छात्रों द्वारा दिनांक 21.6.2018 को चौथा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर

10. विविध प्रकार की गतिविधियाँ

10.1. सीसीआरएएस के नए महानिदेशक

प्रो.डॉ.के. कनकवल्ली ने दिनांक 1 नवंबर 2018 से महानिदेशक, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध (सीसीआरएस), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार का कार्यभार संभाला है। इससे पहले वह शासकीय सिद्ध मेडिकल कॉलेज, चेन्नई के प्राचार्य के पद पर कार्यरत थी।

सीसीआरएस के अधिकारी और कर्मचारी कृतज्ञतापूर्वक सीसीआरएस के प्रथम महानिदेशक, प्रोफेसर डॉ. आरएस रामास्वामी को याद करते हैं, जो 28 दिसंबर, 2012 से 27 मई, 2018 (5½ वर्ष) तक सीसीआरएस की अनुसंधान गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने और नई दिल्ली एवं बंगलूर में नई एककों की स्थापना के लिए समर्पित सेवा की है।

28 मई, 2018 से 31 अक्टूबर, 2018 तक महानिदेशक (अतिरिक्त प्रभार) के कर्तव्यों को निभाने के लिए राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस) के एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ एन जे मुत्तुकुमार के प्रति सीसीआरएस अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती है।

चित्र 18: प्रो डॉ के कनकवल्ली ने दिनांक 1.11.2018 को सीसीआरएस के महानिदेशक पद कार्यग्रहण करते हुए

10.2. सीसीआरएस की सामान्य निकाय (जीबी) की प्रथम बैठक

केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद् की प्रथम सामान्य निकाय जीबी की बैठक श्रीपद येसो नाईक, माननीय आयुष राज्य मंत्री -स्वतंत्र प्रभार की अध्यक्षता में दिनांक 2 मई 2018 को सीसीआरएस, अरुम्बाक्कम, चेन्नई में आयोजित की गई है।

सीसीआरएस के महानिदेशक प्रो डॉ आर एस रामस्वामी ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष -वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय और सामान्य निकाय के सभी सदस्यों का स्वागत किया। महानिदेशक, सीसीआरएस ने परिषद् की स्थापना से लेकर उस तारीख तक की प्रगति पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन को जनरल बॉडी के सम्मुख विस्तार से बताया। जीबी के सदस्यों ने पूरी प्रस्तुति को उत्सुकता से देखा और सीसीआरएस द्वारा किए गए कार्यों को स्वीकार किया और विभिन्न एजेंडा आइटमों पर भी चर्चा की गई।

निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया और अपने सुझाव दिए वे हैं डॉ. रजनी कौल, वैज्ञानिक जी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), डॉ. राकेश तिवारी, मुख्य वैज्ञानिक, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), प्रोफेसर डॉ. वी. भानुमति, निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, डॉ. रविन्द्र सिंह, निदेशक आई / सी, फार्माकोपियोअल लेबोरेटरी फॉर इंडियन मेडिसिन (पीएलआईएम), प्रो. डॉ. जी. गणपति, जीबी सदस्य, सीसीआरएस, प्रो. डॉ. आई. सोर्णमारियम्माल, जीबी और ईसी सदस्य, सीसीआरएस और डॉ. एसपी. त्यागराजन, जीबी और ईसी सदस्य, सीसीआरएस।

सामान्य निकाय के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने सदस्यों को उनके उपयोगी सुझावों और विचारों के लिए धन्यवाद दिया। यह बैठक महानिदेशक, सीसीआरएस (सदस्य सचिव) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ संपन्न हुई।

चित्र 19: सीसीआरएस की प्रथम सामान्य निकाय की बैठक दिनांक 2.5.2018 को सीसीआरएस, चेन्नई में श्री श्रीपद यसो नाईक, माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), की अध्यक्षता में संपन्न होते हुए

10.3. तकनीकी लेखापरीक्षा समिति बैठक

तकनीकी लेखापरीक्षा समिति की बैठक दिनांक 16..20118 को सिद्ध औषधीय पादप उद्यान, मेट्टूर में आयोजित की गई है। तकनीकी लेखापरीक्षा समिति के विशेषज्ञों ने उक्त बैठक में भाग लिया है और सीसीआरएस के परिधीय संस्थानों/ एककों के विकास हेतु वे अपने अमूल्य सुझाव दिए हैं।

10.4. पेटेंट

सिद्ध चिकित्सा पद्धति और उस से संबंधित में प्रयोग पूनीर की तैयारी हेतु प्रक्रिया नामक तात्कालिक पेटेंट का दिनांक 25 मई 2018 को फाइल किया गया है।

10.5. सीसीआरएस मुख्यालय का निर्माण

आयुष मंत्रालय के समर्थन से, केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद के मुख्यालय के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह 2 मई, 2018 को एनआईएस परिसर में एक भव्य तरीके से आयोजित किया गया। प्रो डॉ आर एस रामस्वामी, महानिदेशक, सीसीआरएस ने गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया।

शिलान्यास, श्रीपाद येसो नाइक, माननीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार द्वारा किया गया। वैद्य राजेश कोटेचा, आयुष मंत्रालय के सचिव, श्री एस आर राजा, विधायक, तांबरम निर्वाचन क्षेत्र और वैद्य के.एस. धीमान, महानिदेशक, सीसीआरएएस, नई दिल्ली की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रो डॉ वी आनुमति, निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चेन्नई ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

चित्र 20: दिनांक 2.5.2018 को सीसीआरएस के मुख्यालय भवन निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम

10.6. कैंसर दिवस संगोष्ठी

आयुष मंत्रालय के सहयोग से दिनांक 4 फरवरी 2018 को सीसीआरएस मुख्यालय, चेन्नई में सरकारी सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय,चेन्नई के साथ कैंसर दिवस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

डॉ पी सत्यराजेश्वरन, प्रभारी सहायक निदेशक सिद्ध, सिद्ध केंद्रीय अनुसंधान संस्थान, चेन्नई ने उपस्थितियों का स्वागत किया है। प्रो डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद् ने उपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि उक्त संगोष्ठी मुख्य रूप से कैंसर के प्रबंधन में सिद्ध चिकित्सा पद्धति द्वारा उपलब्ध क्षमताएँ और अवसरों प्रदान करकेगा।

प्रो डॉ आर मीनाकुमारी, प्राचार्या, सरकारी सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय जीएसएमसी, चेन्नै ने सम्मानीय भाषण प्रस्तुत किया और उस तरह की संगोष्ठी के आयोजन हेतु उन्होंने सीसीआरएस की प्रशंसा की है। उन्होंने आश्वासन भी दिया कि छात्र ऑकोलॉजी को केरीर के रूप में लेंगे। प्रो डॉ के कनकवल्ली ने सिद्ध पालिएटिव केयर फॉर कैंसर नामक पुस्तक का विमोचन भी किया है जो सीसीआरएस द्वारा प्रकाशित की गई है। प्रो डॉ मीनाकुमारी ने प्रथम प्रति को स्वीकार किया है। डॉ एस सेल्वराजन, अनुसंधान अधिकारी वैज्ञानिक-2 ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया है।

पूर्वाहन में संपन्न तकनीकी सत्र में डॉ एल मुगुंथन, अनुसंधान अधिकारी - चिकित्सा, सीसीआरएस ने कैंसर स्क्री निंग एट प्राइमरी केयर लेवल नामक विषय पर भाषण प्रस्तुत किया है।

अपराहन सत्र में डॉ जी. शिवराम, एमडी, आरोग्य हेल्थ केयर प्रइवेट लिमिटेड, चेन्नई ने मेनेजमेंट ऑफ कैंसर थ्रू सिद्ध सिस्टम ऑफ मेडिसिन पर विस्तृत रुप से जानकारी दी है और बाद में डॉ डी शशि कुमार, प्राध्यापक, ग्रेड-2 जीएसम, चेन्नई ने पालिटेटिव केयर इन सिद्ध सिस्टम ऑफ मेडिसिन पर भाषण दिया है। उक्त संगोष्ठी द्वारा 150 से अधिक छात्रों जिनमें पीजी, इंटर्नीज और बीएसएमएस के अंतिम वर्ष छात्रों सम्मिलित है और संकाय सदस्यों ने लाभ प्राप्त किया है। सीसीआरएस मुख्यालय एवं एससीआरआई के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी सक्रिय रुप से भाग लिया है।

चित्र 21: "सिद्ध पालिटेटिव केयर फॉर कैंसर" पर प्रो.डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस द्वारा दिनांक 4.2.2019 को कैंसर सिंपोजियम में पुस्तक का विमोचन करते हुए

10.7. विश्व मधुमेह दिवस

द्वितीय सिद्ध दिवस के 42 वे काउंट डाउन के उपलक्ष्य में और विश्व मधुमेह दिवस के अवसर सीसीआरएस ने एससीआरआई ऑडिटोरियम चेन्नई में "बेसिक्स एंड एडवांसस इन डायबिटीज मेलिटस" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया है।

डॉ भवानी, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) ने सभा का स्वागत किया, प्रोफेसर डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया, डॉ. सेल्वराजन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) / डीडीओ, सीसीआरएस और मुख्य भाषण और डॉ. पी. सत्यराजेशवरन, सहायक निदेशक द्वारा प्रमुख भाषण दिया गया है। हिंदी अनुवादक डॉ. अनवर बाबू ने संगोष्ठी के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विषय निम्नप्रकार हैं:

तालिका 47: विश्व मधुमेह दिवस संगोष्ठी 2018 में अनुसंधान अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विषय

क्र.सं.	विषय	अधिकारी का नाम
1.	विभिन्न प्रकार के मधुमेह के निदान हेतु मूल सिद्धांत	डॉ एल मुगुंथन
2.	रीसेंट अड्वांस्ड टेक्नीक्स इन बायोकेकिस्ट्री एण्ड पैथोलॉजी फॉर डायाग्नोसिस ऑफ डायाबिटीज मेल्लिटस	डॉ आर गणेशन डॉ अनंतलक्षी
3.	कांप्लीकेशन्स असोसिएटेड विथ डायाबिटीज मेल्लिटस एण्ड डायट एण्ड एक्सरसैज थिरपी फॉर डायाबिटीज मेल्लिटस	डॉ एल मुगुंथन
4.	सिद्ध चिकित्सा पद्धति द्वारा मधुमेह का प्रबंधन	डॉ यूजीन विल्सन
5.	मधुमेह (डी 5 चूरणम) आदि के क्षेत्र में आधुनिक चालू अनुसंधान	डॉ एम कण्णन
6.	मधुमेह में वर्तमान प्रगति	डॉ एल मुगुंथन

10.8. वैज्ञानिक क्लब

प्रस्तावना

साइंस क्लब ऑफ सिद्ध सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट, अरुंबक्कम, चेन्नई - 600 106 का उद्घाटन डॉ जी वेलुचामी, निदेशक, एससीआरआई, चेन्नई द्वारा वर्ष 2002 के दौरान संस्थान के अनुसंधान अधिकारियों को इन-हाउस प्रशिक्षण प्रदान करने और विभिन्न संकायों के विभिन्न क्षेत्रों में हाल ही में प्रगति के बारे में जानकारी देने हेतु किया गया। इस वर्ष के लिए विज्ञान क्लब के अध्यक्ष डॉ पी सत्यराजेश्वरन, प्रभारी सहायक निदेशक (सिद्ध) एस- 2, सचिव डॉ एम कण्णन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध), एस-2 और समन्वयक डॉ जी दयानंद रेड्डी, सहायक निदेशक (फार्माकोलॉजी), एस- 3 हैं।

उद्देश्य और उद्देश्य

- प्रख्यात वैज्ञानिकों से आमंत्रित व्याख्यान के माध्यम से सदस्यों के ज्ञान को अद्यतन करना
- चालू अनुसंधान परियोजनाओं को पुनर्जीवित, संशोधित और विनियमित करना
- वैज्ञानिक कार्यों की बेहतर प्रस्तुति के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करना और प्रस्तुति की शैली में सुधार करना
- प्रतिष्ठित संस्थानों में नवीनतम प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और कार्यप्रणाली में उन्नति को समझना
- स्वस्थ सहभागिता के माध्यम से ज्ञान साझा करने आगे सहयोगी अनुसंधान कार्य हेतु मार्गदर्शन और पेशेवर संपर्क / पहुंच प्राप्त करना।

क्लब के सदस्य

संस्थान के विभिन्न विभागों अर्थात फार्माकोग्नॉसी, फाइटो-केमिस्ट्री, बायोकैमिस्ट्री, पैथोलॉजी, फार्माकोलॉजी और क्लिनिकल में कार्यरत लैब तकनीशियन के कैडर से लेकर के सभी कर्मचारी क्लब के सदस्य हैं।

विज्ञान क्लब का कार्य

लगभग प्रत्येक महीने के दौरान विज्ञान क्लब विभिन्न क्षेत्रों अर्थात सिद्ध, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, कार्डियो थोरैसिक सर्जरी और योग आदि से आमंत्रित वक्ता के साथ एक बैठक आयोजित करता है। दर्शकों को निर्दिष्ट विषयों पर उनके विचारों से अवगत कराया जाता है।

विज्ञान क्लब के लाभ

विज्ञान क्लब की कार्यवाही और गतिविधियाँ सभी वैज्ञानिकों के लिए अत्यधिक लाभदायक हैं। क्लब सौहार्द बातचीत का अवसर देता है और सूचना एवं ज्ञान को अद्यतन करने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। सीएसएमडीआरईस और एएलयूआरआईएम के कर्मचारियों को भी आमंत्रित किया गया और वे लाभान्वित हुए हैं। सिद्ध, आयुर्वेद, योग और यूनानी कॉलेज के कर्मचारियों और छात्रों को भी उक्त बैठकों के लिए आमंत्रित किया जाता है और कॉलेजों के छात्रों और कर्मचारियों से हमेशा उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त होती

चित्र 22: एससीआरआई, चेन्नई में दिनांक 27.2.2018 को आयोजित साइंस क्लब बैठक में भाषण देते हुए डॉ आर सुरेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर

10.9. जर्नल क्लब

रिसर्च क्लब ऑफ सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध (सीसीआरएस), अरुम्बक्कम, चेन्नई का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ के.कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस ने 20 फरवरी, 2019 को किया, जिसका उद्देश्य है कि अनुसंधान अधिकारियों को अपने अनुसंधान विचारों, ज्ञान और नैदानिक प्रगति को अन्य अनुसंधान अधिकारियों के साथ साझा करना ताकि परिषद के अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा दें। डॉ एल मुगुंथन, अनुसंधान अधिकारी (मेडिसिन), सीसीआरएस ने जरनल क्लब के समन्वयक है।

उद्देश्य और उद्देश्य

1. संस्थान के अनुसंधान अधिकारी के ज्ञान को अद्यतन करना
2. साहित्य की आलोचना करना
3. विभिन्न प्रकार के लेख (नुकसान, निदान, रोग का निदान आदि) के विश्लेषण के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करना।
4. परिकल्पना परीक्षण के आधार को समझना (प्रकार I और II त्रुटियां, पी मान, 95% आत्मविश्वास अंतराल, नमूना आकार)
5. नैदानिक परीक्षण (व्यापकता, संवेदनशीलता, विशिष्टता, सकारात्मक और नकारात्मक पूर्वानुमान मूल्य, संभावना अनुपात) के आधार को समझना
6. पूर्वाग्रह के स्रोतों से परिचित होना।
7. यह समझने के लिए कि नैदानिक प्रैक्टीज में कैसे अध्ययन के परिणामों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए।

जर्नल क्लब का कार्य

जरनल क्लब की बैठक हर महीने के तीसरे बुधवार को सीसीआरएस द्वारा आयोजित किया जाता है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों अर्थात सिद्ध, आधुनिक चिकित्सा, बायो-केमिस्ट्री, केमिस्ट्री, पैथोलॉजी, फार्माकोलॉजी, फार्माकोग्नॉसी और बॉटनी के विभिन्न स्रोत व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है।

चित्र 23: दिनांक 20.2.2019 को जरनल क्लब बैठक में अध्यक्षीय भाषण देते हुए प्रो डॉ के कनकवल्ली

10.10. आईसीडी 11 - टीएम - सिद्ध

इंटरनेशनल कोड ऑफ डिसीजस 11- ट्रडीशनल मेडिसिन सिद्ध (आईसीडी11-टीएम- सिद्ध) विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सदस्य राज्यों एवं एसोसिएट सदस्यों के लिए प्रशंसा की है और अंतर्राष्ट्रीय रोगों का वर्गीकरण आईसीडी -11 के अंतिम चरण के पक्ष में प्रमुख मील के पत्थर पेश करने के सम्मान में है जैसा कि डब्ल्यूएचओ ने आईसीडी -11 संस्करण 2016 पर टिप्पणियाँ माँगा है।

जैसा कि शीर्षक आईसीडी -11, अडवांस एवं डाटा प्राथमिकताएँ (नया डेटा विकल्प) के अंतर्गत दर्ज किया गया है, पारंपरिक चिकित्सा निदान के लिए नया अध्याय शामिल करने का कदम एक अच्छा उपाय है, जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त पारंपरिक चिकित्सकों की सेवाओं की ठोस रिपोर्टिंग को सुनिश्चित करता है जो संगठित प्रणाली की कमी के कारण इन सभी वर्षों में रिपोर्ट के तहत बड़े पैमाने पर रिपोर्ट किया गया है

हालांकि इस अध्याय में चीन, जापान और कोरिया में प्रचलित पारंपरिक चीनी चिकित्सा को शामिल किया गया है, उक्त उपाय अन्य मान्यता प्राप्त पारंपरिक चिकित्सा प्राणालियों जैसे आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी आदि को जो दक्षिण, दक्षिण पूर्व एशिया देशों में व्यापक रूप से प्रचलित है और आगे यूरोप, आफ्रीका, अमेरिका और आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में भी बढ रही हैं शामिल करने की जगह बनाई है, ।

इसके अलावा जैसे डाटा प्राथमिकताओं में क्रमांक 3 पर सूचित किया गया, गुणवत्ता वाले देश में मृत्यु दर और राष्ट्रीय स्तर पर रोगी आंकडों के लिए मजबूर मांग है जैसा कि हाल ही में डब्ल्यूएचओं विश्व स्वास्थ्य संगठन सांख्यिकी रिपोर्ट में और टोक्यो आईसीडी -11 संशोधन सम्मेलन में बताया गया है।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, आयुष मंत्रालय ने व्यापक राष्ट्रीय परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी चिकित्सा प्रणालियों के लिए राष्ट्रीय रोगी मृत्यु संख्या कोड विकसित करने की प्रक्रिया शुरु किया है। इसलिए, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नेशनल मार्बिडिटी कोड-सिद्ध के निर्माण हेतु एक विशेषज्ञ समिति को बनाई है। इसके द्वारा, संगठन के स्तर पर एक कार्य दल गठन किया जा सकता है और इसे आगे की जॉच की जा सकती है। एनएएमएसटीपी से संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए संगठन स्तर पर एक कार्यकारी समूह गठित किया गया था और कोड पोर्टल में अपलोड किए गए हैं आईसीडी 11 (टीएम) के महत्व के आधार पर- सिद्ध, एससीआरआई, चेन्नई ने आईसीडी 11 (टीएम)-सिद्ध के लिए ऑटोलॉजी फ्रेम काम विकसित करने के लिए एक कार्यकारी समूह गठित किया है। टीम ने अथक रूप से कार्य किया और सिद्ध के लिए ऑटोलॉजी फ्रेम विकसित किया है। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित आईसीडी विशेषज्ञ समिति द्वारा इसका मूल्यांकन किया गया है। टीम ने 10 दिनों के निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा कर लिया है। अब तक 927 सिद्ध आईसीडी रोगाणु कोड पूरे हो चुके हैं और इसे एएसयू रोगाणु वेबसाइट में प्रकाशित किया गया है।

आईसीडी विशेषज्ञ समिति:

- प्रो.डॉ.के.कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस
- डॉ पी आनुमति, निदेशक, एनआईएस, चेन्नई
- डॉ के मानिक्यवासगम, भूतपूर्व निदेशक, एनआईएस
- डॉ टी तिरुनारायण्णन, सीटीएमआर, चेन्नई
- डॉ एसके शशि, रीडर, जीएसएमसी, चेन्नई
- डॉ एनजे मुत्तुकुमार, एसोसिएट प्रोफसर, एनआईएस
- डॉ पी सत्यराजेश्वरन, सहायक निदेशक / वैज्ञानिक-2, एससीआरआई, चेन्नई
- डॉ एम कण्णन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) वैज्ञानिक-2, एससीआरआई

आईसीडी - कार्यदल सूची :

- डॉ पी सत्यराजेश्वरन, प्रभारी सहायक निदेशक/ वैज्ञानिक-2, एससीआरआई, चेन्नई
- डॉ एम कण्णन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) वैज्ञानिक-2, एससीआरआई
- डॉ एस नटराजन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ आर मीना, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ वी आरती, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ जी एस लेखा, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ एम एस श्रीदेवी, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ एस भवानी, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ एल जूलियट, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ सी अन्बरसि, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ पी तेनमोलि, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ के सामराज, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ एस सुशीला, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ टी कविता, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ एस इसैवाणी, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)
- डॉ ए उषा, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध)

अईसीडी 11 (टीएम)- सिद्ध के महत्व के आधार पर, एससीआरआई, चेन्नई ने आईसीडी 11 (टीएम) -सिद्ध के लिए ऑटोलॉजी फ्रेम वर्क विकसित करने के लिए एक कार्य समूह का गठन किया है। टीम ने अथक परिश्रम किया है और सिद्ध के लिए ऑटोलॉजी फ्रेम वर्क विकसित किया है। इसका मूल्यांकन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित आईसीडी विशेषज्ञ समिति द्वारा किया गया है। पोर्टल का नाम बदलकर नमस्ते कर दिया गया है। मार्बिडिटी कोड के विवरण को अद्यतन करना जारी है और इसे मंजूरी मिलने के बाद पोर्टल में शामिल किया जाएगा। इसे ASU मार्बिडिटी पोर्टल में भी प्रकाशित किया गया है:

एनएएमएएसटीई-- http://namstp.ayush.gov.in

10.11. कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013) के अधीन नामित आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम, 2013) के अधीन नामित आंतरिक शिकायत समिति की प्रथम बैठक दिनांक 24.7.2018 को आयोजित की गई है। बाद में दिनांक 25 फरवरी 2019 को एक और बैठक आयोजित की गई है। इस विषय पर आज तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

चित्र 24: सीसीआरएस, चेन्नई में दिनांक 24.7.2018 को आयोजित आंतरिक शिकायत समिति बैठक

10.12. हिंदी कार्यशाला

दिनांक 14 से 28 सितंबर 2018 तक परिषद् मुख्यालय और इस के परिधीय संस्थानों / एककों में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया है। दिनांक 31 जनवरी 2019 को एससीआरआई, चेन्नई द्वारा एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई है। डॉ एस विजया, एजीएम, एसबीआई, डॉ पी आर वासुदेवन, हिंदी अधि कारी -सेवानिवृत्त, एजी कार्यालय ने कार्यालयों मे हिंदी की उपयोगिता पर भाषण दिया। श्री लक्ष्मी नारायणन, अतिथि प्राध्यापक, एसबीओए ने बोलचाल हिंदी पर भाषण दिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक का भी आयोजन किया गया है। दिनांक 29.6.18, 29.6.18, 22.9.18 और 30.3.19 को सिद्ध क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतुपमर में त्रैमासिक कार्यशालाएँ आयोजित की गई है।

चित्र 25: दिनांक 14-28 सितंबर 2018 तक सीसीआरएस, चेन्नई में आयोजित हिंदी पखवाडा समारोह

10.13. सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह मुख्यालय और परिधीय संस्थानों / इकाइयों में 29 अक्तूबर से 3 नवंबर, 2018 तक मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय था "भ्रष्टाचार का उन्मूलन - एक नया भारत बनाएं"। सभी कर्मचारियों द्वारा प्रतिज्ञा भी ली गई।

चित्र 26: सीसीआरएस, चेन्नई में दिनांक 29 अक्तूबर से 3 नवंबर 2018 तक आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह

10.14. स्वच्छ भारत

आयुष मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद ने मुख्यालय और इसके परिधीय संस्थानों / एककों में पूरे वर्ष में स्वच्छ भारत संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया है। सीसीआरएस ने दिनांक 16 से 31 अक्तूबर 2018 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान, सीसीआरएस ने ड्राइंग, इनोवेटिव वार्ता, रंगोली, क्विज, निबंध, स्किट परफॉर्मेंस, वॉल पेंटिंग, पौधा रोपण, रैलियां, स्वछता लोगो निर्माण, कर्मचारी, छात्र और आम जनता में स्वच्छ भारत के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है।

चित्र 27: चेन्नई में स्वच्छ भारत जागरूकता रैली

केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद ने आम जनता के लाभ के लिए पूरे वर्ष में चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, सीसीआरएस ने स्वच्छता जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक रूप से हैंडवाश प्रशिक्षण कार्यक्रम, शौचालय निर्माण का आयोजन किया और आईईसी सामग्री वितरित की है।

सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध को स्वच्छता पखवाड़ा 2018 के लिए प्रेस्टीजियस फर्स्ट रैंकर अवार्ड मिला। सीसीआरएस के महानिदेशक प्रो डॉ के कनकवल्ली को आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के संयुक्त सचिव श्री रोशन जग्गी से स्वच्छता पखवाड़ा पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

चित्र 28: प्रो डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस ने श्री रोशन जग्गी, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा स्वच्छ पखवाड़ा- प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए

10.15. एनएबीएच

एससीआरआई के आईपीडी और ओपीडी भी एनएबीएच मान्यता के लिए प्रस्तावित है जो शीघ्र ही नैदानिक परीक्षणों की दिशा पर आगे बढ़ेगा।

एनएबीएच मान्यता की प्रक्रिया में चेन्नई के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिद्ध में आयोजित बैठक में डॉ पी सत्यराजेश्वरन, डॉ ए राजेंद्रकुमार और डॉ एम कण्णन ने संसाधन व्यक्तियों के रूप में काम किया।

10.16. सोशल मीडिया कार्यकलाप एवं पहल

सीसीआरएस अधिकारियों ने सिद्ध चिकित्सा प्रणाली और सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध के अनुसंधान गतिविधियों के बारे में प्रचार करने हेतु सोशल मीडिया की क्षमता का दोहन करने के लिए आयुष मंत्रालय द्वारा क्रमशः 16 जनवरी 2018 और 17 फरवरी 2018 को 'सोशल मीडिया सामग्री विकास' पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला स्तर I और स्तर II दोनों कार्यक्रमों में भाग लिया है।

आयुष मंत्रालय द्वारा फेसबुक पेज के निर्माण और रखरखाव के लिए उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम और हैंड्स ऑन ट्रेनिंग प्रदान किया गया। आयुष-सिद्ध फेसबुक पेज दिनांक 17 फरवरी 2018 को बनाया

गया। नियमित रूप से आयुष-सिद्ध फेसबुक पेज के माध्यम से आम जनता, छात्रों और चिकित्सकों के लिए सामग्री साझा की गई । इसके अलावा, एक ट्विटर अकाउंट, यूट्यूब चैनल और सीसीआरएस के लिए एक ब्लॉगिंग साइट बनाई गई है और इस का रखरखाव भी किया जा रहा है।

वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव, आयुष मंत्रालय के समर्थन से और श्री पी.एन. रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय की सदस्यता में सिद्ध अधिकारियों को सोशन मीडिया के प्रति अधिक क्रियाशील बनाने के लिए दिनांक 25 एवं 26 मई 2018 को 'सोशल मीडिया सामग्री विकास' पर एक प्रशिक्षण सह कार्यशाला - स्तर -1 एससीआरआई, चेन्नई के सभागार में आयोजित की गई।

चित्र 29: दिनांक 25 एवं 26 मई 2018 को एससीआरआई, चेन्नई में आयोजित ट्रेनिंग कम वर्कशाप ऑन सोशन मीडिया कंटेंट डिवलेपमें - लेवल1

डॉ पी सत्यराजेश्वरन, प्रभारी सहायक निदेशक, एससीआरआई ने स्वागत भाषण दिया। प्रो डॉ आर.एस. रमास्वामी, महानिदेशक, सीसीआरएस ने अध्यक्षीय भाषण दिया। मुख्य अतिथि डॉ असीम अली खान, महानिदेशक, सीसीआरयूएम ने इस अवसर पर उद्घाटन भाषण देकर इस अवसर की शोभ बढ़ाई। प्रो डॉ भानुमति, निदेशक, एनआईएस ने सभा का स्वागत किया और डॉ एस सेल्वराजन, डीडीओ, सीसीआरएस ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभी अनुसंधान परिषदों के पेशेवरों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

आयुष सिद्धी फेसबुक पेज में पोस्ट करने के लिए आवश्यक सामग्री तैयार करने के लिए एक ड्यूटी रोस्टर को परिधीय संस्थानों / इकाइयों के सभी प्रभारियों को जारी किया गया है।

इसके अलावा, आयुष सिद्ध पृष्ठ, आयुष मंत्रालय और अन्य अनुसंधान परिषदों के पेज से संबंधित सोशल मीडिया पर सभी सिद्ध मेडिकल कॉलेज के छात्रों को जागरूकता प्रदान करने के लिए, छात्रों और संकाय सदस्यों को जागरूक करने के लिए अनुसंधान अधिकारियों को पास के सिद्ध कॉलेजों का दौरा करने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया था। शीर्ष सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के बारे में आंकड़े आयुष सामाजिक मीडिया पहल को विशेष रूप से फेसबुक के माध्यम से पेश करने के लिए हाइलाइट किए गए थे। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन छात्रों और संकाय सदस्यों को दिया गया। छात्रों को आयुष पेज

और विभिन्न काउंसिल के पेजों से लाभ प्राप्त करने के लिए संवेदनशील बनाया गया, जो अपने सहकर्मी समूहों के बीच उन सामग्रियों को साझा किया।

10.17. पीएच.डी. फैलोशिप

आयुष पीएच.डी. फेलोशिप कार्यक्रम आयुष मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में आयुष विद्वानों के लिए अनुसंधान के अवसरों को बढ़ाने और आयुष क्षेत्र में गुणवत्ता अनुसंधान के लिए अच्छे मानव संसाधन उत्पन्न करने के लिए शुरू किया गया है। आयुष - राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा पीएच.डी. फैलोशिप प्रोग्राम, पीजी उत्तीर्ण आयुष उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा दिनांक 13 दिसंबर, 2018 को सफलतापूर्वक आयोजित की गई थी। कुल 82 उम्मीदवारों ने भाग लिया और 4 उम्मीदवारों ने सिद्ध स्ट्रीम से आयुष-नेट उत्तीर्ण किया। योग्य अम्मीदवारों को आयुष-नेट योग्यता प्रमाण पत्र दो वर्ष की वैधता अवधि के साथ परिषद के किसी भी संस्थान या अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों या अपनी पसंद के विश्वविद्यालयों जो पीएचडी अनुसंधान आयोजित करने के लिए मान्यता प्राप्त हैं, में पंजीकृत होने के लिए जारी किया गया है। यूजीसी ने पीएचडी में प्रवेश के लिए यूजीसी-नेट के साथ आयुष-नेट कार्यक्रम को पारस्परिक रूप से मान्यता दी है। सचिव, आयुष ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से अनुरोध किया है कि वे अपने स्वयं के विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा से आयुष-नेट योग्य उम्मीदवारों को छूट का विस्तार करें।

इस योजना के एक अन्य घटक में, पीएचडी चलाने वाले विश्वविद्यालयों / संस्थानों जो फेलोशिप / जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) सिद्ध और होम्योपैथी के लिए उन्हें फैलोशिप प्रदान कर रहे हैं, के चयन के लिए 3 आवेदन प्राप्त हुए । सीसीआरएस की संस्तुतियों के साथ इन सभी आवेदनों को योग्यताओं पर उपयुक्त विश्वविद्यालयों / संस्थानों के चयन के लिए आयुष मंत्रालय को भेज दिया गया है।

10.18. सिद्ध चिकित्सा पद्धति के लिए वैश्विक स्वीकृति पर राष्ट्रीय सम्मेलन:स्कोप एवं चुनौतियाँ

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध ने सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के लिए वैश्विक स्वीकृति: स्कोप और चुनौतियाँ विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन 28 -29 सितंबर, 2018 को अम्मा आरंगम, कम्युनिटी हॉल, शेनाय नगर, चेन्नई में 600 030 में आयोजित किया गया।

सीसीआरएस के महानिदेशक डॉ. एनजे मुत्तुकुमार ने गणमान्य व्यक्तियों और उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। भारत सरकार के माननीय आयुष राज्य मंत्री [स्वतंत्र प्रभार] श्री श्रीपद येसो नाइक ने उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता की और आयुष मंत्रालय द्वारा सिद्ध चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों और सिद्ध चिकित्सा की महत्ता को समझाया। माननीय आयुष राज्य मंत्री [स्वतंत्र प्रभार] श्री श्रीपद येसो नाइक ने राष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही के सारांश को

जारी किया है। डॉ. के. सेंथिलराज, निदेशक, भारतीय चिकित्सा और होम्योपैथी निदेशालय, तमिलनाडु सरकार, डॉ. जी. वेलुचामी, अध्यक्ष, वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड, सीसीआरएस, चेन्नई, प्रो. डॉ वी आनुमति, निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चेन्नई, प्रो. डॉ. के. माणिक्यवासगम, पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान, चेन्नई ने सम्मानीय भाषण प्रस्तुत किया। डॉ. एस. सेल्वराजन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध), एस-द्वितीय, सीसीआरएस ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

इस मेगा-इवेंट में, कई आमंत्रित और सिद्ध विशेषज्ञों के अलावा 982 पंजीकृत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डॉ.जे. जयवेंकटेश, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कोकिला सिद्ध हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (एनएबीएच, क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त), मदुरै द्वारा शल्य चिकित्सा उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले सर्जिकल उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया। पहले दिन (28 सितंबर, 2018) प्रख्यात व्यक्तियों द्वारा आठ पूर्ण व्याख्यान दिए गए और दूसरे दिन (29 सितंबर, 2018) को सात पूर्ण व्याख्यान दिए गए हैं। युवा छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए, 114 वैज्ञानिक पत्रों को मौखिक प्रस्तुति के रूप में प्रस्तुत किया गया और 199 पोस्टरों को सिद्ध प्रणाली के विभिन्न दायरे और चुनौतियों पर प्रदर्शित किया गया। सिद्धों और जीवविज्ञान के दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

दिनांक 29 सितंबर, 2018 को समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. पी. सत्यराजेशवरन, प्रभारी सहायक निदेशक (सिद्ध), एस- II सीसीआरएस - एससीआरआई, चेन्नई ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. एस. सेल्वराजन, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) वैज्ञानिक-II, सीसीआरएस ने सम्मेलन रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महानिदेशक, सीसीआरएस ने की। माननीय संयुक्त सचिव,आयुष मंत्रालय, भारत सरकार श्री पीएन रंजीत कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप मे अपनी उपस्थिति से इस अवसर की शोभा बढाई, उन्होंने भाषण दिया और वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के लिए पुरस्कार वितरित किए। सीसीआरएस की आधिकारिक जर्नल ऑफ रिसर्च इन सिद्ध सिस्टम ऑफ मेडिसिन (जेआरएसएम) को श्री पी.एन. रंजीत कुमार द्वारा विमोचन किया गया औरऔर पहली प्रति डॉ. टी. आनंदन, पूर्व प्रभारी निदेशक, एससीआरआई, चेन्नई द्वारा प्राप्त की गई और सीसीआरएस की आधिकारिक नए वेबसाइट भी लॉन्च किया गया। प्रो. डॉ. ए. कुमारवेल, पूर्व अध्यक्ष, वैज्ञानिक सलाहकार बोर्ड, सीसीआरएस, चेन्नई, प्रो. डॉ. पी.जयप्रकाश नारायणन, अध्यक्ष, सिद्ध फार्माकोपिया समिति, सीसीआरएस, चेन्नई, प्रो. डॉ. जी. गणपति, सदस्य, जनरल बॉडी, सीसीआरएस, चेन्नई, प्रो. डॉ. आई. सोर्णमारियम्माल, सदस्य, जनरल बॉडी, सीसीआरएस, चेन्नई का सम्मान किया गया। डॉ. ए. राजेंद्र कुमार, प्रभारी अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) वै-II, एसआरआरआई, पुदुचेरी ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा।

चित्र 30: दिनांक 28 एवं 29 सितंबर 2018 को आयोजित सिद्ध चिकित्सा पद्धति के लिए वैश्विक स्वीकृति पर राष्ट्रीय सम्मेलन:स्कोप एवं चुनौतियाँ का उद्घाटन समारोह

चित्र 31: दि. 28 एवं 29 सितंबर 18 को आयोजित सिद्ध चिकित्सा पद्धति के लिए वैश्विक स्वीकृति पर राष्ट्रीय सम्मेलन:स्कोप एवं चुनौतियाँ सम्मेलन में जरनल ऑफ़ रिसर्च इन सिद्ध मेडिसिन पत्रिका का विमोचन करते हुए

चित्र 32: दि. 28 एवं 29 सितंबर 18 को आयोजित सिद्ध चिकित्सा पद्धति के लिए वैश्विक स्वीकृति पर राष्ट्रीय सम्मेलन: स्कोप एवं चुनौतियाँ सम्मेलन का समापन समारोह

10.19. सिद्ध दिवस का अनुपालन

आयुष मंत्रालय ने सिद्ध चिकित्सा के जनक सिद्ध अगत्तियर के जन्मदिन पर हर साल सिद्ध दिवस का पालन करने की मंजूरी दी। केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद (सीसीआरएस) के द्वारा 26 दिसंबर, 2018 को द्वितीय सिद्ध दिवस राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान (एनआईएस), चेन्नई और भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी निदेशालय, चेन्नई के संयुक्त तत्वाधान में कलैवान अरंगम, चेन्नई में मनाया गया। श्री वैद्य राजेश कोटेचा जी, सचिव, आयुष मंत्रालय के सहयोग से और श्री पी. एन. रंजीथ कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय के मार्गदर्शन में दूसरा सिद्ध दिवस भव्य तरीके से मनाया गया।

तमिलनाडु के राज्यपाल महामहिम श्री बनवारीलाल पुरोहित ने द्वितीय सिद्ध दिवस समारोह का उद्घाटन किया और अपने मुख्य अतिथि संबोधन किया। माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार श्रीपाद येसो नाइक आयुष मंत्रालय द्वारा संबंधित प्रणालियों के विशेष दिनों का आयोजन करके जागरुकता पैदा करने और उनकी महत्ता को उजागार करने केलिए की गई विभिन्न पहलों को समझाया। तमिलनाडु के माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. सी. विजयबास्कर ने केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं को लागू करने में राज्य मशीनरी द्वारा की गई पहलों की जानकारी दी। भारतीय औषध के निदेशक डॉ. सैंथिल कुमार ने सभा को सम्मानित किया। प्रो. डॉ. वी. भानुमति, निदेशक, राष्ट्रीय सिद्ध संस्थान ने सभा का स्वागत किया। प्रो. डॉ. के. कनकवल्ली, महानिदेशक, सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन सिद्ध, चेन्नई ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

चित्र 33: प्रो डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस, चेन्नई द्वारा दीप प्रज्जवलन करते हुए

इस अवसर पर, "सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सिद्ध" विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया और चार पूर्ण व्याख्यान दिए गए। डॉ. जी.शिवरामन, प्रबंध निदेशक, आरोग्य हेल्थ केयर (प्राइवेट लिमिटेड) चेन्नई ने "गैर संचारी रोगों से निपटने के लिए सिद्ध की खोज" विषय पर एक व्याख्यान दिया। जे. जयसिंह, मेडिकल ऑन्कोलॉजी के सहायक प्रोफेसर, मदुरै मेडिकल कॉलेज एंड कंसल्टेंट (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट), मदुरै के आशीर्वादम स्पेशलिटी अस्पताल ने "स्वदेशी चिकित्सा

पद्धति" विषय पर एक व्याख्यान दिया। डॉ. जे. जयवेंकटेश, अध्यक्ष, कोकिला सिद्ध हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मदुरै ने "सिद्ध चिकित्सा - एक अंधेरे अंत की एक उज्ज्वल शुरुआत" इस विषय पर एक व्याख्यान दिया और डॉ. टी. आनंदन, पूर्व प्रभारी निदेशक, एससीआरआई, एससीआरआई, चेन्नई "अपने मूल सिद्धांतों पर मजबूत रहें" विषय पर व्याख्यान दिया।

इस मेगा-इवेंट में कई आमंत्रित और सिद्ध विशेषज्ञों के अलावा 1200 से अधिक पंजीकृत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। युवा छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रतिनिधियों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सिद्ध से संबंधित विभिन्न विषयों पर पोस्टर के रूप में वैज्ञानिक कागजात प्रस्तुत किए गए। द्वितीय सिद्ध दिवस के उत्सव को कई मूल्यवान घटनाओं द्वारा चिह्नित किया गया और सिद्ध औषधीय पादप उद्यान, मेट्टूर, सेलम जिला द्वारा औषधीय पादप अनुसंधान हेतु विशेष रूप से औषधीय पौधों की एक प्रदर्शनी की व्यवस्था की गई।

चित्र 34: एसआरआरआई,तिरुवनंतपुरम में औषधीय पादप सह कच्चे औषध प्रदर्शनी

चित्र 35: राइट ए मारथॉन (निबंध प्रतियोगिता) में भाग लेने वाले प्रतिभागी

चित्र 36: रोगियों को उपलब्ध करवाया जा रहा परामर्श

सिद्ध दिवस से पहले, सिद्ध-मेडिकल कॉलेजों, विभिन्न अन्य कॉलेजों और आम जनता के छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए राइट-ए-थॉन प्रतियोगिता, भित्ति चित्रकला प्रतियोगिता, टैरेस गार्डन प्रतियोगिता और मिनी परियोजना अनुसंधान अनुदान प्रतियोगिता आयोजित की गई। सिद्ध दिवस पर विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

सिद्ध दिवस को एक उद्देश्यपूर्ण आयोजन बनाने और सिद्ध के छात्रों और चिकित्सकों से लैस करने के लिए, सीसीआरएस के परिधीय संस्थानों / इकाइयों ने पास के सिद्ध चिकित्सा कॉलेजों के साथ मिलकर सम्मेलन / संगोष्ठी का आयोजन किया।

निम्नलिखित विषयों पर सम्मेलन / सेमिनार आयोजित किए गए:

1. "चिकित्सा की सिद्ध चिकित्सा प्रणाली में हर्बल संपत्ति" पर राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 7 दिसंबर, 2018 को एसएमपीजी, मेट्टूर बांध द्वारा आरवीएस सिद्ध मेडिकल कॉलेज, कोयम्बटूर में आयोजित किया गया ।
2. दिनांक 11 दिसंबर, 2018 को "चिकित्सा की सिद्ध प्रणाली में मौलिक सिद्धांत" (एफपीएसएसएम - 2018) पर एक संगोष्ठी, एसआरआरआई, तिरुवनंतपुरम द्वारा श्री संतगिरि सिद्ध मेडिकल कॉलेज, तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया।
3. दिनांक 13 दिसंबर, 2018 को एसआरआरआई, पुदुचेरी द्वारा शिवराज मेडिकल कॉलेज, सलेम में "चिकित्सा प्रणाली में त्वचा रोगों के उपचार और प्रबंधन" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
4. दिनांक 15 दिसंबर, 2018 को "सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के माध्यम से वेक्टर बोर्न रोगों का प्रबंधन" विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन एससीआरयू, करोल बा द्वारा आयुष सभागार, जनकपुरी, नई दिल्ली में किया गया।
5. दिनांक 19 दिसंबर, 2018 को "सिद्धा चिकित्सा पद्धति में नैदानिक अभ्यास की गुंजाईश" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, एससीआरयू द्वारा सरकारी सिद्ध मेडिकल कॉलेज के सभागार, पालयमकोट्टै में आयोजित किया गया।
6. दिनांक 20 दिसंबर, 2018 को "सिद्ध के माध्यम से प्रजनन और बाल स्वास्थ्य" कार्यशाला का आयोजन एससीआरआई, चेन्नई द्वारा किया गया।
7. दिनांक 21 दिसंबर, 2018 को "सिद्ध वर्मम उपचार के चिकित्सीय अनुप्रयोग" पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, एससीआरयू, बैंगलुरु द्वारा आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, श्री जयचामाराजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मेडिसिन कैंपस, बैंगलुरु में आयोजित किया गया।

चित्र 37: प्रो डॉ के कनकवल्ली, महानिदेशक, सीसीआरएस ने "ग्लॉसरी ऑन सिद्ध बनवगद" नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए

चित्र 38: डॉ एस के शशि, सरकारी सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय और डॉ जे जयवेंकटेश, कोकिला हास्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर, मदुरै ने पोस्टर प्रस्तुतीकरण स्त्र

चित्र 39: श्री पी एन रंजीत कुमार, संयुक्त सचिव, आयुष मंत्रालय ने नेशनल सेमिनार ऑन वेक्टर बार्नडिसीज थ्रू सिद्ध सिस्टम ऑफ मेडिसिन का उद्घाटन करते हुए और अध्यक्षीय भाषण करते हुए

चित्र 40: टीएएसवीटी 2018 पर आयोजित राष्ट्रीय सिंपोजियम में दीप प्रज्वलन करते हुए डॉ बी आर ललिता, विभागाध्यक्ष, द्रव्यगुण विभाग, सरकारी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, बंगलूरी

चित्र 41: डॉ ए कार्तिकेयन, प्राचार्य, आरवीएस सिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय धन्यवाद प्रस्ताव करते हुए

चित्र 42: डॉ पी इलंकनी, अनुसंधान अधिकारी (सिद्ध) वैज्ञानिक-II I, एससीआरयू, पालयमकोट्टै ने उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए

चित्र 43: सीडी फार्मेट में संगोष्ठी कार्यवाहियों का विमोचन करते हुए

सिद्ध चिकित्सा प्रणाली के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने के लिए, सीसीआरएस के सभी परिधीय संस्थानों / इकाइयों द्वारा अपनी जगाहों पर ही तीन लगातार नि: शुल्क सिद्ध चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया है। चिकित्सा शिविरों का आयोजन सिद्ध महाविद्यालयों के सहयोग से किया गया और कई लोग चिकित्सा शिविरों में लाभान्वित हुए। इसके अलावा, विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में कई जागरूकता व्याख्यान दिए गए।

वार्षिक प्रतिवेदन

Annual Report

2018-19

केंद्रीय सिद्ध अनुसन्धान परिषद्

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

सिद्ध केंद्रीय अनुसन्धान संस्थान भवन, अण्णा सरकारी अस्पताल परिसर,
अरुम्बाक्कम, चेन्नई - 600106

044-26211621
044-26212421
www.siddhacouncil.in
ccrschennai@gmail.com